नई दिल्ली, बुधवार 10 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष : 30, अंक : 52 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 26 न्यून.22 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





जोजिला टनल का प्रवेश द्वार कामयाबी का वो दरवाजा है जो हर एक भारतीय को गौरान्वित करता है

- इस ऑल वेदर सुरंग से अब साल भर जुड़ा रहेगा कश्मीर लद्दाख व करगिल से
- बर्फबारी के चलते अभी सात महीने तक सड़क संपर्क रहता था बंद

- **15 मिनट में** पूरा होगा एक घंटे से अधिक का सफर
- **जनवरी-फरवरी** 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी
- **9.5 मीटर** चौड़ी व 7.57 मीटर ऊंची है सुरंग
- **घोड़े की नाल** के आकार वाली सुरंग में दो लेन

11,578 फीट की ऊंचाई पर 14.5 किलोमीटर लंबी जोजिला टनल का सफल फाइनल ब्रेक थ्रू ब्लास्ट

# भारत का 'स्वर्णिम' गौरव

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारत के बुनियादी ढांचा विकास के इतिहास में मंगलवार को एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित और सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग में वह बहुप्रतीक्षित ब्रेकथ्रू ब्लास्ट सफल हो गया, जिसका देश को दशकों से इंतजार था। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में निर्बाध और सुरक्षित संपर्क बहाल रखने के लिए निर्माण कार्य अगले चरण में पहुंच जाएगा। लद्दाख को हर मौसम में कश्मीर और शेष भारत से जोड़ने वाली सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण में मंगलवार को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की



कामयाबी की खुशी मेघा इंजीनियरिंग की टीम के प्रत्येक सदस्य के चेहरे थी

गई। सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेकथ्रू कहा जाता है। इस अंतिम सफल विस्फोट के साथ ही सुरंग के दोनों छोर अब पूरी तरह से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड से बनाई गई टनल

परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है जिसमें 18 किलोमीटर लंबी एप्रोच सड़कें और पुल शामिल हैं। मुख्य सुरंग बालटाल से मिनीमार्ग तक फैली हुई है और हिमालय की कठिन चट्टानी संरचनाओं को भेदकर बनाई गई है। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) इस सुरंग को बना रहा है। न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से बनाई गई है। अधिकारियों ने इसे भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक बताया है। इसमें सेमी-ट्रांसवर्स वेंटिलेशन सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, रेडियो ▶▶ शेष पेज 5 पर

पिछले साल 2025 में की गई है यह तैनाती
देश के पास हैं 190 परमाणु हथियार

## भारत ने पहली बार की परमाणु हथियारों की तैनाती, आंकड़ा दर्जनभर तक पहुंचा

- चीन के पास 620, पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं
- ये जानकारी सिपरी की हालिया आई रिपोर्ट से मिली है




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दो मोर्चों पर मिलती युद्ध की चुनौती और ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद परमाणु हथियारों के संदर्भ में भारत में दो बड़े घटनाक्रम घटे हैं। जिसमें से एक में पहली बार नई दिल्ली ने अपने इन अति विध्वंसक हथियारों की तैनाती की है। आंकड़ा 2025 में 12 हथियारों के रूप में सामने आया है। जबकि दूसरे में मौजूदा साल 2026 में भारत के परमाणु हथियारों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह 190 तक जा पहुंची है। जो पिछले साल 180 पर थी। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की हालिया जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। जिसके मुताबिक, तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच भारत ने अपने परमाणु हथियारों की तैनाती की है। लेकिन इनके विकास के मामले में उसका पूरा जोर नई पीढ़ी की तकनीक के साथ उन्नत हथियारों को विकसित करने पर केंद्रित है। जिसमें मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक से लैस हथियार प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस तकनीक के जरिए एक ही बैलिस्टिक मिसाइल से कई आयुध एक साथ ले जाकर दुश्मन के कई लक्ष्यों पर एक साथ सटीक हमला किया जा सकता है।

### चीन के पास 620 परमाणु हथियार

सिपरी ने बताया कि चीन के पास 2026 में परमाणु हथियारों की कुल संख्या 620 तक पहुंच गई है। पिछले साल 2025 में यह आंकड़ा 600 पर बना हुआ था। ड्रैगन भी परमाणु हथियारों की संख्या में वृद्धि के अलावा इनकी तैनाती के मामले में भारत से पीछे नहीं बल्कि आगे खड़ा है। उसने अपने तैनात किए गए परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाकर 24 से 34 कर दिया है। पाकिस्तान की बात करें तो सिपरी की रिपोर्ट में उसके पास इन अति विध्वंसक हथियारों की कुल संख्या 170 बताई गई है। भारत द्वारा अपने परमाणु हथियारों की संख्या में की गई बढ़ोतरी के पीछे चीन और पाकिस्तान की साझा चुनौती की बड़ी वजह के रूप से उभरकर सामने आई है। अपने दोनों निकट प्रतिद्वंद्वी देशों को ध्यान में रखकर ही भारत ने अपने परमाणु हथियार बढ़ाए हैं। क्योंकि इन दोनों देशों से ही उसे सबसे अधिक सीमाई चुनौती मिलती है। इसके अलावा भारत परमाणु हथियारों के मामले में लंबी दूरी के हथियारों का विकास करने पर ध्यान दे रहा है।

पीओके में प्रदर्शनकारियों पर की जा रही बर्बरता को लेकर भारत की पाकिस्तान को दो टूक

झूठी खबरों, वीडियो से नहीं छिपेगा सच

# वैश्विक समुदाय पाकिस्तान को उसके कुकृत्यों के लिए ठहराएगा जिम्मेदार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते कुछ दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रदर्शनकारियों पर की जा रही पड़ोसी दुश्मन देश की सेना और पुलिस की बर्बरता किसी से छिपी नहीं है। मामले को लेकर मंगलवार को भारत ने भी पाकिस्तान को सख्त अंदाज में आईना दिखाया है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए कुछ प्रश्नों के जवाब में कहा कि इस संबंध में पाकिस्तान की ओर से फर्जी खबरों और वीडियो का सिलसिला लगातार देखने को मिला है।

यह उसका अपनी विफलताओं को छिपाने, अपने मानवाधिकारों के उल्लंघन और हनन से ध्यान भटकाने का हताशा से भरा महज एक प्रयास है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हुई पुलिस बर्बरता की खबरों से नई दिल्ली पूरी तरह से वाकिफ है। जिसमें किए गए बल प्रयोग के दौरान कई प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। इन घटनाओं ने पाकिस्तान के प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ये जानकारी मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है



### पाक ने भारत पर मढ़ा आरोप

भारत की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की उस टिप्पणी के ठीक अगले सामने आई है। जिसमें उसने पीओके में चल रहे इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों को लेकर गंभीरता के साथ चिंता जताते हुए तथाकथित स्थानीय सरकार द्वारा आतंकवाद रोधी कानून के तहत स्वीकार की गई संयुक्त अवामी एक्शन समिति (जेएएसी) की भूमिका पर भी सवालिया निशान लगाते हुए कहा था कि यह भारत के समर्थन से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शनों का यह सिलसिला पाकिस्तान द्वारा पिछले दिनों पीओके में चुनाव कराने की घोषणा के बाद सामने आया है। जेएएसी लंबे वक्त से यह मांग कर रही है कि पीओके की विधानसभा की 12 शरणार्थियों की सीटों को समाप्त किया जाना चाहिए। यह सीटें 1947 में कश्मीर से आए हुए शरणार्थियों के लिए आरक्षित की गई हैं। जबकि इनका पाकिस्तान के मुख्य राजनीतिक दलों द्वारा ज्यादातर इस्तेमाल किया जाता है। जिसके जरिए वह मुजफ्फराबाद में सरकार के गठन को प्रभावित करते हैं। भारत ने हाल ही में एक बयान जारी कर पीओके में हो रहे इन चुनावों का विरोध किया है। नई दिल्ली से इसे अवैध और जबरन कराई जा रही प्रक्रिया के रूप में माना है।

### फोन, इंटरनेट बंद, बिजली गुल

अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक, प्रदर्शनों के बीच पीओके में अब तक लगभग 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मामले पर पर्दा डालने के लिए पाकिस्तान की सेना और प्रशासन ने इलाके में संचार सेवाओं जैसे मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। इंटरनेट सेवा ठप है और बिजली भी गुल है। प्रदर्शनकारियों की बड़ी मांगों में दर्जनभर आरक्षित सीटों की समाप्ति, उनके लिए नौकरी में किए गए आरक्षण के प्रावधान को खत्म करने, अभिजात वर्ग के विशेषाधिकारों की बहाली, बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का निर्माण, करों में कटौती मुख्य हैं।

### भारत का अभिन्न अंग है जम्मू-कश्मीर

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्पष्ट करते हुए कहा कि समूचा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस वक्त वहां पर जो बर्बरता हो रही है। उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय देख रहा है। ऐसे में यह हमारी उम्मीद है कि वैश्विक समुदाय पाकिस्तान को उसके कुकृत्यों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराएगा।

### सीमा मुद्दों पर भारत, बांग्लादेश वार्ता जारी

बांग्लादेश के अवैध नागरिकों की वतन वापसी को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्डस के बीच महानिदेशक स्तर की बातचीत चल रही है। जिसमें सभी जरूरी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। भारत ने इस संबंध में भेजी गई लोगों की सूची के साथ बांग्लादेशी पक्ष से जल्द से जल्द इन सभी की राष्ट्रीयता को प्रमाणित करने की अपील की है। बीते पांच वर्षों में पड़ोसी देश के पास ऐसे लंबित पड़े हुए मामलों की संख्या 2 हजार 680 तक पहुंच गई है।

पश्चिम-एशिया के हालात पर हुई चर्चा, कुवैत पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की

## युद्ध से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने की कुवैत के अमीर से बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया से लेकर समूचे खाड़ी क्षेत्र में एक बार फिर से गहराते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल जाबेर से टेलीफोन पर बातचीत की है।

इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच क्षेत्र में बने हुए सुरक्षा हालातों में हुए बदलावों को लेकर चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस वार्ता के दौरान कुवैत के अमीर के समक्ष इलाके में बढ़ते तनाव को लेकर गंभीर रूप से चिंता जताई और कुवैत की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा करने के अपने पक्ष को मजबूती के साथ दोहराया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

- बातचीत-कूटनीति से तनाव कम करने के भारत के आह्वान को दोहराया



### इस प्रकार से आएगी तनाव में कमी

पीएम ने कहा कि इलाके में शांति-स्थिरता की बहाली सिर्फ और सिर्फ बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही हो सकती है। ऐसे में भारत इस संबंध में अपने आह्वान को पुनः दोहराता है। उन्होंने कुवैत में बड़ी तादाद में रहने वाले भारतीय समुदाय की निरंतर भलाई और सुरक्षा पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने के लिए अमीर को धन्यवाद भी दिया है।

सम्मलेन में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान
संविधान जागरूकता पर भी रहा फोकसः बिरला

## सदनों में व्यवधान लोकतंत्र के लिए चुनौती जनविश्वास बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी:बिरला

- चंडीगढ़ में सीपीए नॉर्थ ज़ोन सम्मेलन चार संकल्पों के साथ संपन्न; जनभागीदारी, विधायकों की क्षमता निर्माण, तकनीक व एआई के उपयोग और विधायी निगरानी पर बल दिया गया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीज़न ज़ोन-II (नॉर्थ ज़ोन) के द्वितीय सम्मेलन के समापन समारोह को चंडीगढ़ में संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदनों का बार-बार बाधित होना और व्यवधान उत्पन्न होना लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने रेखांकित किया कि इस समस्या का समाधान विधायी संस्थाओं के भीतर जनअपेक्षाओं के अनुरूप आचरण, संवाद और सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने में निहित है। जनता का विश्वास मजबूत करना आज सभी जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

जयपुर पटाखा गोदाम में भीषण आग

## अवैध फैक्ट्री में धमाके से एक बच्चे समेत 7 लोगों की जिंदा जलने से मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजधानी के खोह नागोरियान थाना इलाके में मंगलवार सुबह 11 बजे एक अवैध पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। हादसे में एक बच्चे समेत 7 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक मजदूर नासिर 95% तक झुलस गया। घटना आयशा नगर तलाई क्षेत्र में एक आईटीआई कॉलेज के पास स्थित रिहायशी इलाके की है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मृतकों के



हादसे के बाद तड़पते घायल

शवों को पॉलीथीन में समेटकर अस्पताल ले जाना पड़ा। मृतकों में अब्दुल वाहिद (50), बिलाल खान (30), समीर (20), आजीम खान उर्फ आविद और राबिल शामिल हैं, जबकि दो शवों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। घटना के बाद स्थानीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नॉमिनेशन कैंसिल

# भोपाल से दिल्ली तक कांग्रेस का गदर चुनाव आयोग के बाहर धरने पर बैठे नेता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद सियासी विवाद गहरा गया है। कांग्रेस ने इस फैसले को लोकतंत्र और संविधान पर हमला बताते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार शाम चुनाव आयोग कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन अधिकारियों से मुलाकात नहीं होने पर आयोग मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस का आरोप है कि जिस राज्यसभा सीट पर पार्टी की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, उसी सीट पर उम्मीदवार का नामांकन ₹बिना उचित कारण₹ रद्द कर दिया गया। पार्टी ने इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### आयोग कार्यालय के बाहर धरना

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद और कई वरिष्ठ नेता चुनाव आयोग पहुंचे। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि आयोग ने उनकी शिकायत सुनने तक से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, ₹यह लोकतंत्र का बुनियादी सवाल है। हम जिम्मेदार राजनीतिक दल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### क्या है पूरा मामला?

मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसके बाद भाजपा उम्मीदवार महेश केवट के निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि नामांकन रद्द किए जाने के कारणों को लेकर कांग्रेस और चुनावी अधिकारियों के बीच विवाद बना हुआ है। कांग्रेस का दावा है कि उम्मीदवार के खिलाफ कोई ऐसा मामला नहीं था जो नामांकन रद्द करने का आधार बन सके, जबकि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की ओर से अलग तर्क दिए जा रहे हैं।

### आगे क्या?

कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह इस मामले को कानूनी रूप से चुनौती दे सकती है। पार्टी चुनाव आयोग से औपचारिक सुनवाई की मांग कर रही है और यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है।




# दोहरे हत्याकांड में वांछित हाशिम बाबा गिरोह का शूटर मुठभेड़ में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में मुठभेड़ के बाद हाशिम बाबा गिरोह के एक कथित शूटर को गिरफ्तार किया है। सोमवार रात हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपी आमिर उर्फ सलीम के पैर में गोली लगी है। वह 2024 के सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के मामले में वांछित था।

पुलिस के अनुसार आरोपी आकाश शर्मा उर्फ छोटू और उसके भतीजे ऋषभ शर्मा की हत्या के मामले में वांछित था। 31 अक्टूबर, 2024 को दिवाली पर शाहदरा के फर्श बाजार इलाके में गोली मारकर दोनों की हत्या कर दी गई थी। यह घटना उनके घर के बाहर ही हुई थी। हमले में आकाश के बेटे कृष को भी गोली लगी थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी जोकि बाद में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल भी हुई थी। पुलिस ने सोमवार देर रात शास्त्री पार्क में मेट्रो डिपो के पास जाल बिछाया था। रात 10.48 बजे संदिग्ध को देखा गया और उसे रुकने के लिए कहा गया। हालांकि, खुद को घिरा हुआ पाकर उसने कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस ने बताया कि हेड कांस्टेबल मनोज ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घायल आरोपी को अस्पताल ले जाया गया है। उसके पास से एक पिस्तौल, चार कारतूस और चार खोखे बरामद किए गए हैं। आमिर गंभीर अपराधों सहित 14 से अधिक मामलों में शामिल रहा है।

### बावरिया गिरोह का वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बावरिया गिरोह से जुड़े एक भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के निवासी जयप्रकाश उर्फ बिट्टू (50) पर हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी और आर्म्स एक्ट के तहत दिल्ली के विभिन्न थानों में पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार पांच जून को बावरिया गिरोह के एक सक्रिय सदस्य की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद स्थानीय खुफिया जानकारी सहित तकनीकी निगरानी का उपयोग करते हुए बुराड़ी थाने की एक टीम ने संत नगर बाजार से जयप्रकाश को गिरफ्तार किया। वह गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मुकुंदपुर और आसपास के इलाकों में किराए के मकानों में रहता था। अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सदस्य अक्सर अलग-अलग राज्यों की यात्रा करते और ट्रेनों में सोने के गहने पहन कर यात्रा करने वाली महिलाओं को कथित तौर पर निशाना बनाते थे। पुलिस ने बताया कि अपराध करने के बाद वे गिरफ्तारी से बचने के लिए नियमित रूप से अपना ठिकाना बदल लेते थे। पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में 32 मामले दर्ज हैं। पुलिस की गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# 5.67 लाख की साइबर धोखाधड़ी का मामला सुलझा, तीन अरेस्ट

- शाहदरा साइबर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा साइबर पुलिस ने ¬5.67 लाख की साइबर धोखाधड़ी का मामला सुलझाते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 'म्यूल' बैंक खातों (धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते) का उपयोग करने का आरोप है। आरोपियों में ऑनलाइन धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड भी शामिल है।

पुलिस के अनुसार 14 मई को दिलशाद गार्डन निवासी विनोद हीरा से एक शिकायत मिली। उन्होंने बताया कि वे सरोजिनी नगर में एक बुटीक चलाते हैं और एसबीआई की दिलशाद गार्डन शाखा में उनका एक बैंक खाता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके खाते में लगभग 5.80 लाख जमा थे और वे ज्यादातर इस्तेमाल नहीं हुए थे। मई 2026 में उन्होंने नई दिल्ली नगर परिषद के नाम 6,500 का चेक जारी किया, जो खाते में अपर्याप्त बैलेंस के कारण बाउंस हो गया। बैंक से संपर्क करने पर उन्हें पता चला कि अनधिकृत यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए उनके खाते से 5,67,100 रुपये से ज्यादा की राशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए साइबर पुलिस स्टेशन शाहदरा में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने बैंक ट्रांजैक्शन, आईपी लॉग, यूपीआई ट्रांजैक्शन ट्रेल और अन्य डिजिटल सबूतों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। जांच से पता चला कि धोखाधड़ी की राशि कई बैंक खातों से होकर गुजरी थी, जिनमें मनिंदर सिंह और आदिल सलमानी द्वारा संचालित खाते भी शामिल थे। वित्तीय ट्रेल का पीछा करते हुए पुलिस ने धोखाधड़ी के मुख्य लाभार्थी और मास्टरमाइंड नितिन गुलाटी की पहचान कर उसे भी दबोच लिया। जांच से पता चला कि शिकायतकर्ता का सगा भतीजा नितिन गुलाटी इस धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड था। उसने कथित तौर पर अपने चाचा के बैंक अकाउंट से बिना इजाजत यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए पैसे निकाले और धोखाधड़ी से हासिल रकम को आदिल सलमानी और मनिंदर सिंह द्वारा चलाए जा रहे 'म्यूल बैंक अकाउंट्स' के जरिए घुमाया ताकि पैसे का पता न चल सके। आखिर में ये पैसे नितिन गुलाटी से जुड़े अकाउंट्स में ट्रांसफर कर दिए गए थे।

# व्यवसायी को व्हाट्सएप पर रंगदारी की धमकियां देने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम जिले की आदर्श नगर पुलिस ने रंगदारी के मामले में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक व्यवसायी को अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सएप पर रंगदारी की धमकियां देने का आरोप है। इन्होंने खुद को कुख्यात काला जठेड़ी गैंग का सदस्य बताकर पैसे की मांग की थी और मांग पूरी न होने पर पीड़ित को जान से मारने सहित गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। पुलिस ने रंगदारी में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए है। आरोपियों के नाम राजन कालरा और साहिल गर्ग हैं।

पुलिस के अनुसार बवाना में प्लास्टिक ग्लू टेप बनाने के व्यवसायी रोहित जैन निवासी आदर्श नगर ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनका यमुनानगर, हरियाणा के साहिल गर्ग के साथ विवाद चल रहा था। इससे पहले साहिल गर्ग ने भी आदर्श नगर पुलिस स्टेशन में शिकायतकर्ता के खिलाफ कथित धोखाधड़ी और करोड़ों की राशि का भुगतान न करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, बाद में शिकायतकर्ता ने पुलिस से संपर्क किया और बताया कि उसे अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्हाट्सएप पर रंगदारी के लिए धमकियां मिल रही थी। कॉलर ने खुद को हरियाणा के 'काला जठेड़ी गैंग' का सदस्य बताया और साहिल गर्ग की कथित रकम की वापसी की मांग की। रंगदारी मांगने वाले ने यह भी दावा किया कि उन्होंने उक्त रकम की वसूली के लिए साहिल गर्ग से 50 लाख रुपये की टोकन मनी ली थी और धमकी दी कि अगर शिकायतकर्ता ने भुगतान नहीं किया, तो उसे खत्म कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने धमकी भरे कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई थी। पुलिस ने तकनीकी पहलुओं पर बारीकी से काम किया और आरोपी के अक्सर हरियाणा के करनाल, जगाधरी, यमुनानगर और चंडीगढ़ इलाकों में घूमने का पता लगाया। इसके बाद टीम हरियाणा गई और करनाल, जगाधरी और यमुनानगर में कई जगहों पर समन्वित छापेमारी की। लगातार कोशिशों के बाद आरोपी राजन कालरा को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर सह-आरोपी साहिल गर्ग को पकड़ा।

# झुग्गियों में लगी आग, सैंकड़ों हुये बेघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कापसहेड़ा इलाके के समालखा गांव की झुग्गियों में मंगलवार दोपहर को आग लग गई। दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना तो नहीं है लेकिन सैंकड़ों लोग बेघर जरुर हो गये।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार दोपहर करीब डेढ़ बजे कापसहेड़ा में आम्बेडकर कॉलोनी के समालखा गांव की झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली। दमकल कर्मियों की एक टीम के साथ सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दोपहर दो बजकर 20 मिनट तक आग को बुझा ली गई। बाद में प्रभावित क्षेत्र की कूलिंग का अभियान चलाया गया।

### जीके-1 में इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग

दक्षिण दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 में एक रिहायशी इमारत की चौथी मंजिल पर मंगलवार को आग लगने के बाद दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। डीएफएस के अनुसार पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे एसी में आग लगने की सूचना के बाद शुरू में दमकल की दो गाड़ियों को मौके भेजा गया। बाद में छह और गाड़ियां व एक बहुउद्देश्यीय वाहन मौके पर भेजा गया। आग मुख्य रूप से चौथी मंजिल में घरेलू सामान में लगी थी। दोपहर डेढ़ बजे तक आग बुझा दी गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिये जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल कार में मृत मिला

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल अपनी कार में मृत पाये गये। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। शुरुआती जांच में आशंका हार्ट अटैक की जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल सुधीर नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के आदर्श नगर पुलिस स्टेशन में तैनात थे। सोमवार को सुबह लगभग 9:35 बजे उनके जीजा सहदेव से सूचना मिली कि कांस्टेबल सुधीर ड्यूटी के बाद घर नहीं लौटे हैं। इसके बाद हरियाणा के रोहतक रोड पर रोहद टोल के पास एक हुंडई आई20 कार रजिस्ट्रेशन नंबर एचआर13एल-7044 खड़ी मिली, जिसके अंदर एक व्यक्ति था। सांपला पुलिस स्टेशन की लोकल पुलिस मौके पर पहुंची और पाया कि कांस्टेबल सुधीर गाड़ी के अंदर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मामला दर्ज कर लिया गया है और लोकल पुलिस इसकी जांच कर रही है। मौत का सही कारण मेडिकल-लीगल औपचारिकताएं और जांच पूरी होने के बाद पता चलेगा।

# विद्यार्थियों को नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में डीयू का छात्र गिरफ्तार



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय युवक को विद्यार्थियों को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उसके पास 20 लाख रुपये मूल्य का 'हाइड्रोपोनिक गांजा' बरामद किया गया है। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आरोपी जसीम सियादुल फरसान एम.पी. मूल रूप से केरल के कोझिकोड का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के विजय नगर इलाके में रहता है। उसके पास से 195 ग्राम 'हाइड्रोपोनिक गांजा' बरामद किया गया है। उत्तर पश्चिम की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आकांक्षा यादव ने बताया कि जसीम दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज का छात्र है और वर्तमान में बीए की पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने बताया कि विजय नगर डबल स्टोरी में एक पार्क के पास मादक पदार्थ की बिक्री के संबंध में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार किया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से कथित तौर पर 195 ग्राम 'हाइड्रोपोनिक गांजा' बरामद किया जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य लगभग 20 लाख रुपये है। मॉडल टाउन थाने में स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है। यादव के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह मांग के अनुसार विभिन्न ग्राहकों को प्रतिबंधित पदार्थ की आपूर्ति करता था और आसानी एवं तेजी से पैसा कमाने के उद्देश्य से उसने अपराध का रास्ता अपनाया। उन्होंने बताया कि सत्यवती कॉलेज के छात्रों को भी मादक पदार्थ की आपूर्ति करता था।

पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ की आपूर्ति के स्रोत तथा नशीले नेटवर्क में उसकी कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# फैक्ट्री में सहकर्मी की हत्या करने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गांधी नगर इलाके की एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई हत्या के मामले में 27 वर्षीय आरोपी को उत्तम नगर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम अरबाज बताया गया है।

शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार गांधी नगर थाने की पुलिस ने आरोपी अरबाज की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल खून से सनी कैंची और अपराध के समय उसके द्वारा पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार चार जून की रात गांधी नगर के रघुवरपुरा-2 स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में शराब पीने के दौरान मजदूरों के बीच झगड़ा हुआ था और इसी दौरान अरबाज ने कथित तौर पर टाइगर नाम के एक मजदूर पर हमला किया और फिर कृष्ण कुमार नामक व्यक्ति को कैंची घोंप दी थी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में अस्पताल में टाइगर की मौत हो गई। संगम विहार निवासी अरबाज का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पृष्ठभूमि की जांच में पता चला कि वह किशोर अवस्था के दौरान 2019 में संगम विहार थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में भी शामिल था।

# दिल्ली पुलिस के एआई-आधारित प्रणाली लागू करने से एम्बुलेंस और अग्निशमन सेवाओं को मिलेंगे बेहतर मार्ग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर एम्बुलेंस और दमकलकर्मियों की आवाजाही तेज करने के उद्देश्य से, यातायात पुलिस संकट के समय आपातकालीन वाहनों की त्वरित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित यातायात प्रबंधन और मार्ग निर्धारण प्रणाली लागू कर रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल कई आपात स्थितियों, विशेष रूप से हाल ही में मालवीय नगर के एक होटल में लगी आग, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई थी, के मद्देनजर शुरू की गई है। कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि यातायात जाम के कारण दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचने में देरी हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक टीमें हजारों सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज पर नजर रखती हैं। इसके अलावा, हमारी एआई-आधारित यातायात प्रबंधन प्रणाली हमें व्यस्त यातायात क्षेत्रों की स्पष्ट जानकारी देगी। किसी भी आपात स्थिति में, व्यस्त यातायात क्षेत्रों में, हमारी प्रणाली दमकल कर्मियों और एम्बुलेंस को सबसे छोटे और तेज मार्गों से जाने के लिए सतर्क करेगी।₹ उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस और अग्निशमन विभागों के अधिकारियों ने आपातकालीन वाहनों के लिए यातायात मुक्त गलियारे बनाने और यह सुनिश्चित करने हेतु कई उपायों पर विचार किया है कि वे कम से कम समय में प्रभावित स्थानों तक पहुंचें। अधिकारी ने कहा, ₹इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अग्निशमन कर्मी और एम्बुलेंस व्यस्त यातायात के समय में भी तेजी से आवागमन कर सकें। तकनीक तुरंत सबसे तेज उपलब्ध मार्ग की पहचान कर सकती है और आपातकालीन वाहनों को भीड़भाड़ से बचने में मदद कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि एम्बुलेंस और दमकल कर्मियों के फंस जाने जैसी स्थितियों में, सड़कों को तुरंत साफ करने के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस तैनात की जाएगी ताकि समय पर सहायता पहुंच सके। अधिकारी ने कहा कि अधिकारी शहर के विभिन्न हिस्सों में यातायात की स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं और स्थान-विशिष्ट आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाएं विकसित करने के लिए दिन के विभिन्न समय पर भीड़भाड़ की स्थिति का अध्ययन कर रहे हैं।

# राजस्व विभाग ने 86 संपत्तियों को जांचा कई संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ और अग्निशमन नियमों के उल्लंघन करने वाली संपत्तियों पर कार्रवाई जारी है। राजस्व विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को को 86 संपत्तियों को जांचा गया। वहीं पिछले चार दिनों में 5 जून से 8 जून तक कुल 452 संपत्तियों को जांचा गया। इनमें कई संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए। गौरतलब है कि आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जांची गईं 86 संपत्तियों में से दो संपत्तियों को सील किया गया जबकि एक संपत्ति को ध्वस्त किया गया। जानकारी के अनुसार उत्तरी जिले की 6 संपत्तियों का नोटिस जारी किए। वहीं पुरानी दिल्ली की 1 संपत्ति को सील किया गया जबकि 1 संपत्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं नई दिल्ली की 1 संपत्ति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा दक्षिणी पश्चिमी जिले की 14 संपत्तियों में अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए। दक्षिणी पूर्वी जिले की 6 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं पूर्वी जिले की 4 संपत्तियों को नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा दक्षिणी जिले की 9 संपत्तियों को जांचा गया इनमें से 4 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए जबकि 1 पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। वहीं 2 संपत्तियों को एमसीडी से नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। वहीं उत्तरी पश्चिमी जिले की 11 संपत्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इसके अतिरिक्त मध्य जिले की 4 और पश्चिमी जिले की 29 संपत्तियों को नोटिस जारी किया गया है। उधर दिल्ली नगर निगम द्वारा मंगलवार को 121 संपत्तियों को नोटिस जारी किया गया और 64 संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए।

### आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के लिए 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ हिस्सों में मंगलवार शाम को तेज धूल भरी हवाएं चलने के बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शहर के कई हिस्सों में बिजली चमकने, ओलावृष्टि व मध्यम बारिश को लेकर 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। आईएमडी के जिला स्तरीय पूर्वानुमान के अनुसार, शहर के कुछ हिस्सों में गरज के साथ मध्यम बारिश (हवा की गति 60-80 किलोमीटर (किमी) प्रति घंटा, 90 किमी प्रति घंटा तक) और बिजली चमकने व ओलावृष्टि की प्रबल संभावना है। वहीं, अन्य हिस्सों में 40-50 किमी प्रति घंटा की हवा की गति के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बिजली चमकने का प्रबल अनुमान है। उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाकों, उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्वी दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया गया। इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बिजली चमकने के साथ-साथ तेज हवाओं की आशंका है।

### आईपी यूनिवर्सिटी में सुरक्षा एवं स्वच्छता कर्मियों के लिए तंबाकू जागरूकता एवं नशामुक्ति सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में सुरक्षा एवं स्वच्छता कर्मियों के लिए द्वारका कैंपस में तंबाकू जागरूकता एवं नशामुक्ति सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तंबाकू मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। आईपीयू के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नलिनी रंजन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र का संचालन विश्वविद्यालय की कम्युनिटी डेंटल ऑफिसर डॉ. वार्तिका कथूरिया मोंगा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन के विभिन्न रूपों, इसके सामान्य एवं मौखिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा मुख कैंसर सहित तंबाकू जनित गंभीर बीमारियों के जोखिमों के बारे में जानकारी दी। सत्र में तंबाकू छोड़ने के स्वास्थ्य लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों को तंबाकू नशामुक्ति सेवाओं, परामर्श, औषधीय सहायता तथा राष्ट्रीय तंबाकू क्विटलाइन जैसी सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा संवादात्मक चर्चा के माध्यम से तंबाकू सेवन और उससे मुक्ति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। इस आयोजन ने जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा सं. 46265212 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Pantograph Complete (Type-WBL 22.03) suitable for 3-phase MEMU rakes with Mounting Hardware & Necessary Control Valve as per RDSO Drg No. 1-27410.14062 Alt Q or Latest without isolating cock including Interconnecting Bus Bar & associate Hardware. Make: Schunk |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2,19,55,080/- |
| 3 | मात्रा | 21 नग |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 16.07.2026 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 16.07.2026 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है।

एनआईटी सं. 46265212, दिनांक: 08.06.2026 1970/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **बबलू उर्फ बबल, पिता:** रमेह्स डेका, **पता:** मकान नंबर– 67, गली नंबर– 06, रघुवीर पुरा, गांधी नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 524/2021 U/S 379/411 IPC** थाना: सब्जी मंडी, **दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बबलू उर्फ बबल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बबलू उर्फ बबल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 524/2021 U/S 379/411 IPC थाना: सब्जी मंडी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बबलू उर्फ बबल,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति राजोरिया
जेएमएफसी–07 कमरा नंबर 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/7442/N/2026**
**(Court Matter)**

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक

# ओ-जोन में बसी कॉलोनियों को लेकर शीघ्र ही केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलूंगी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ओ-जोन क्षेत्र में बसी कॉलोनियों को राहत देने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ शीघ्र ही केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल से मुलाकात करुंगी। वहीं डीडीए के अधिकारी हाई कोर्ट की अनुशंसा लेकर ओ-जोन क्षेत्र में लगाए गए बोर्ड की भाषा भी बदलें ताकि वहां बसी कॉलोनियों में किसी प्रकार की घबराहट व्याप्त न हो।

यह बातें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में ओ-जोन क्षेत्र में बसी कॉलोनियों को लेकर बुलाई गई बैठक में कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि इन कॉलोनियों में पुराने निर्माण पर विध्वंस की कार्रवाई नहीं होगी। इस आशय की स्वीकृति हाई कोर्ट ने डीडीए को भी दी है। बैठक में उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, यमुनापार विकास क्षेत्र बोर्ड के अध्यक्ष व विधायक अरविंदर सिंह लवली सहित दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली नगर निगम आयुक्त संजीव खैरवार, डीडीए व संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि ओ-जोन क्षेत्र में करीब 91 अनधिकृत कॉलोनियां और एक दर्जन पुराने गांव हैं। इन कॉलोनियों में लगभग 15 लाख लोग निवास करते हैं। यह भी बताया गया कि शासन द्वारा वहां लगाए गए बोर्ड के कारण लोग सशंकित हैं, जबकि उन्होंने (जनप्रतिनिधियों ने) हाई कोर्ट के आदेशों व सरकारी रिकॉर्ड के अध्ययन से यह पाया है कि इन कॉलोनियों के पुराने निर्माण पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। जो आदेश है, वह नए या चल रहे निर्माण को ध्वस्त करने को लेकर है।

जनप्रतिनिधियों ने ओ-जोन क्षेत्र में बसी कॉलोनियों में शासन द्वारा लगाए गए नोटिस बोर्ड का भी मुद्दा उठाया और कहा कि बोर्ड के संदेश में लोगों में भ्रम पैदा हो रहा है। उनका यह भी कहना था कि इन कॉलोनियों में ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो लोगों को डरा रहे हैं लेकिन इसकी आड़ में अपने अवैध निर्माण भी करवा रहे हैं।

उनकी यह भी मांग थी कि यमुना के फ्लड प्लेन को अवैध निर्माण से बचाने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। जनप्रतिनिधियों का यह भी मानना था कि ओ-जोन में नए निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मसले पर डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने बन चुके निर्माण पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन माननीय कोर्ट ने चल रहे निर्माण पर सवाल खड़े किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब माननीय कोर्ट ने इस आशय का जवाब डीडीए को दिया है तो उसे उसी के अनुरूप अनुपालन करना चाहिए।

### प्राचीन गांव या पहले नियमित हो चुकी कॉलोनी को टूटने नहीं देगी भाजपा : सांसद

नई दिल्ली। भाजपा की केन्द्र एवं दिल्ली सरकारों के साथ ही दिल्ली भाजपा संगठन भी उनकी ओ जोन घोषित क्षेत्र को लेकर चिंता के प्रति संवेदनशील है और भाजपा किसी भी प्राचीन बसे गांव या पहले नियमित हो चुकी कॉलोनी को टूटने नही देगी। दिल्ली भाजपा के सांसदों मनोज तिवारी एवं रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को ओ-जोन को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और उसमें स्पष्ट किया है कि जो गांव और 92 कॉलोनियां अभी ओ - जोन में हैं, उनमें पुरानी बसी आबादी में किसी तोड़फोड़ की इजाजत नहीं है। दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश केवल नए निर्माण को लेकर है। सांसद बिधूड़ी ने इन क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे तब तक कोई नया निर्माण नहीं करें, जब तक इस बारे में अंतिम फैसला नहीं आ जाता। उन्होंने बताया कि बैठक में यह भी तय किया गया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी सांसद ओ जोन के मामले में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शीघ्र ही भेंट करेंगे और उन्हें सही तथ्यों से अवगत कराएंगे ताकि 15 लाख लोगों के साथ न्याय हो सके।



## निगम आयुक्त ने किया सिविल लाइन्स जोन का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने मंगलवार को सिविल लाइन्स क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्वच्छता एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इस निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन्स क्षेत्र के उपायुक्त शशि प्रताप सिंह, प्रमुख अभियंता, पी.सी. मीणा एवं निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त संजीव खिरवार ने निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को नागरिकों का जीवन सुगम बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुक्त संजीव खिरवार ने जहांगीर पुरी स्थित 2000 टीपीडी क्षमता वाले सीएंडडी वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया। आयुक्त संजीव खिरवार ने मॉडल टाउन के प्रिंसेस रोड पर स्थित एफसीटीएस का निरीक्षण किया। उन्होंने इसे मॉडल एफसीटीएस के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि एफसीटीएस के समीप स्थित निगम की भूमि को योजना बनाकर राजस्व संवर्धन के लिए उपयोग किया जाए। आयुक्त संजीव खिरवार ने दिल्ली विश्वविद्यालय स्थित एफसीटीएस का भी निरीक्षण किया।

आयुक्त ने धूल की रोकथाम के लिए सीएंडडी वेस्ट प्लांट के चारों तरफ शीट्स लगाने एवं वाटर स्प्रिंकलर लगाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सीएंडडी प्लांट के मुख्य मार्ग पर झाड़ियां लगाने एवं संयंत्र का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए।

**खबर संक्षेप**

### सौरभ ने सरकार पर लगाया तिरंगे हटाने का आरोप

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को दिल्ली सरकार पर तिरंगे हटाने का आरोप लगाया है। सौरभ ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने पर अरविंद केजरीवाल की सरकार ने देशभक्ति के प्रतीक के रूप में दिल्ली में 150 फीट ऊंचे 500 तिरंगे लगाए थे, लेकिन अब ये झंडे दिखाई नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को सौरभ ने एक्स पर कहा कि दिल्ली से 500 तिरंगे कहां गायब हो गए हैं। सौरभ ने एक वीडियो साझा कर कहा कि आज मैंने देखा कि जगह-जगह से तिरंगा झंडा हट गया है। सौरभ ने कहा कि दिल्ली में आज भाजपा सरकार है, तो अरविंद केजरीवाल की सरकार द्वारा लगाए गए 150 फीट ऊंचे तिरंगे जगह-जगह से हटे हुए हैं। अब वहां सिर्फ खंभे बचे हैं और झंडे हट गए हैं।

### भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही क्रांतिकारी संत भी थे : मल्होत्रा

**नई दिल्ली**। भगवान बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे। वे एक क्रांतिकारी संत थे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्य तिथि पर उनके स्मृति स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 1895 में जब अंग्रेजों ने 'जमींदारी प्रथा' और 'बेगार' से आदिवासियों की जमीन छीननी शुरू की, तब 20 साल की उम्र में भगवान बिरसा मुंडा ने कहा था कि 'अबुआ दिशोम, अबुआ रा' यानी हमारा देश, हमारा राज। उन्होंने उलगुलान यानी महाविद्रोह का बिगुल फूंका। तीर-कमान से लैस मुंडा आदिवासियों ने अंग्रेजी बंदूकों को चुनौती दी।

### 'बस स्टॉप पर नहीं रुकने की शिकायतों से यात्रियों में नाराजगी, सीएम और परिवहन मंत्री से हस्तक्षेप की मांग'

नई दिल्ली। राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली सरकार लगातार नई बसें खरीद रही है और बस बेड़े को मजबूत करने के दावे कर रही है। लेकिन दूसरी ओर अलग अलग इलाकों में यात्रियों का आरोप है कि कई बस चालक निर्धारित बस स्टॉप पर बस नहीं रोकते, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि कई बार बस स्टॉप पर खड़े लोग बस को रोकने का स्पष्ट संकेत देते हैं, इसके बावजूद चालक बस को बिना रोके आगे बढ़ जाते हैं। विशेष रूप से तब यह समस्या अधिक देखने को मिलती है जब बस स्टॉप पर कोई यात्री उतरने वाला नहीं होता। ऐसे में बस का इंतजार कर रहे यात्रियों को अगली बस का इंतजार करना पड़ता है, जिससे समय और सुविधा दोनों प्रभावित होती हैं। यात्रियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह से मांग की है कि बस चालकों को निर्धारित बस स्टॉप पर अनिवार्य रूप से बस रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। साथ ही ऐसे मामलों की निगरानी के लिए जीपीएस, सीसीटीवी और शिकायत तंत्र को और प्रभावी बनाया जाए ताकि लापरवाही करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। बस यात्रियों का कहना है कि किसी भी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सफलता केवल बसों की संख्या बढ़ाने से नहीं बल्कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद सेवा उपलब्ध कराने से तय होती है। यदि बसें निर्धारित स्टॉप पर नहीं रुकतीं तो इससे यात्रियों का सार्वजनिक परिवहन से भरोसा कम हो सकता है और लोग निजी वाहनों की ओर रुख कर सकते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और प्रदूषण दोनों बढ़ेंगे।

## 'डीटीसी बसों में यात्री सेवा मानकों का सख्ती से किया जाए पालन'

*विशेषकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों मे यात्री सेवा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार और लापरवाही का कोई भी मामला सामने आने पर बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश मंगलवार को परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने डीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधकों (आरएम) के साथ समीक्षा बैठक में दिए।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजधानी दिल्ली में बसों के रोजाना के संचालन और यात्री सेवाओं की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान परिवहन मंत्री ने साफ निर्देश दिए कि सभी बसें अपने निर्धारित बस स्टॉप पर अनिवार्य रूप से रुकें और यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम तरीके से बसों में चढ़ने और उतरने की सुविधा सुनिश्चित करें। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि किसी भी हालात में किसी यात्री को कोई असुविधा न हो।

विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। मंत्री डॉ. पंकज ने डीटीसी के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सभी ड्राइवरों और कंडक्टरों का यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार को सुनिश्चित करें। डॉ.पंकज ने डीटीसी के सभी अधिकारियों को बस शेड्यूल, रूट ऑपरेशन और सर्विस के समय के बारे में डिटेल्ड रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन रिपोर्टों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने के साथ बारीकी से नजर रखेंगे। साथ ही नियमों के अनुपालन की जांच और जमीनी स्तर पर सर्विस क्वालिटी की जांच करने के लिए औचक फील्ड इंस्पेक्शन भी करेंगे। रूट ऑपरेशन्स की समीक्षा करते हुए परिवहन मंत्री डॉ. पंकज ने बस फ्लीट का बेहतर ढंग से इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए रूट रेशनलाइजेशन को सख्ती से लागू करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिया कि एक ही रूट पर कई बसें एक के बाद एक आगे-पीछे नहीं चलें और यात्रियों को बेहतर फ्रीक्वेंसी और कवरेज देने के लिए बसों के बीच उचित अंतराल सुनिश्चित किया जाए। मंत्री डॉ. पंकज ने निर्देश दिया कि सभी बसें अपने तय रूट के साथ ही ट्रिप को भी पूरा करें। किसी भी तकनीकी खराबी या ऑपरेशन से जुड़ी समस्या की स्थिति में संबंधित डीटीसी बस डिपो और अधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो और तुरंत जरूरी इंतजाम किए जा सकें। बस यात्रियों की सुविधा और जन-स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह रोजाना बसों के परिचालन से पहले सभी बसों की समुचित साफ-सफाई, रखरखाव और सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करें। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार राजधानी दिल्ली के सभी नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ, और यात्रियों की जरूरतों पर केंद्रित सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आईएएस अधिकारी सज्जन सिंह यादव दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी सज्जन सिंह यादव को दिल्ली जल बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। मंगलवार को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। सेवा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यादव पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौशल राज शर्मा का स्थान लेंगे, जो 2006 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी हैं। शर्मा को इस वर्ष अप्रैल में दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू का सचिव नियुक्त किया गया था। अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1995 बैच के अधिकारी यादव ने पूर्व में राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न विभागों में सेवाएं दी हैं। आईएएस अधिकारी को अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) और दिल्ली राज्य उद्योग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, वरिष्ठ अधिकारी संतोष डी वैद्य को इन अतिरिक्त प्रभारों से मुक्त कर दिया गया है।

### 1995 बैच के अधिकारी हैं सज्जन सिंह यादव

सज्जन सिंह यादव का जन्म 5 जनवरी 1969 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1995 में भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की और एजीएमयूटी यानी अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम-यूनियन टेरिटरीज कैडर के आईएएस अधिकारी बने। करीब 30 साल के प्रशासनिक करियर में उन्होंने केंद्र और दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ बनने से पहले सज्जन सिंह यादव केंद्र सरकार के व्यय विभाग में स्पेशल सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने 1 अप्रैल 2026 को इस पद का कार्यभार संभाला था। इससे पहले भी वह केंद्र सरकार में अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक उप सचिव और निजी सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं।

### न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में लगेगी 1857 के नायक शहीद धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा

नई दिल्ली। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के प्रमुख नायक शहीद धन सिंह कोतवाल की स्मृति को सम्मानित करने के लिए नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) के सदन में उनकी प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव लगाया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। निमम पार्षद चौ. राजपाल सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार, शहीद धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा सामुदायिक केंद्र, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली में स्थापित की जाएगी। इसके लिए सभी वैधानिक प्रक्रियाओं और आवश्यक स्वीकृतियां मिल चुकी है। पार्षद राजपाल सिंह ने बताया कि शहीद धन सिंह कोतवाल ने 10 मई 1857 को मेरठ से प्रारंभ हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय मेरठ के कोतवाल के रूप में कार्यरत धन सिंह कोतवाल ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ सैनिकों और आम नागरिकों को संगठित करने का साहसिक कार्य किया, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने में अहम योगदान दिया। निगम पार्षद चौ. राजपाल सिंह ने बताया कि कि उनकी वीरता, देशभक्ति और बलिदान आज भी देशवासियों को प्रेरित करते हैं। इसलिए उनकी स्मृति को स्थायी रूप देने तथा नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से परिचित कराने के लिए दिल्ली में उनकी प्रतिमा स्थापित करना आवश्यक है। प्रतिमा के लिए पेडस्टल (आधार) का निर्माण, लैंडस्केपिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

## दिल्ली में कूड़े के नए पहाड़ रोकने की तैयारी : सत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में कूड़े के नए पहाड़ बनने से रोकने और लैंडफिल स्थलों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए महापौर प्रवेश वाही एवं स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने एमसीडी ने पांच बड़ी कचरा प्रसंस्करण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एमसीडी की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि भलस्वा, ओखला, सिंघोला, गाजीपुर और नरेला-बवाना में कुल 5900 टन प्रतिदिन क्षमता की आधुनिक प्रोसेसिंग सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

इन परियोजनाओं पर लगभग 596 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सत्या शर्मा ने कहा कि निगम पिछले कई वर्षों से राजधानी के तीन प्रमुख लैंडफिल स्थलों पर बायो-माइनिंग के जरिए पुराने कूड़े के पहाड़ खत्म करने का काम कर रहा है। इसके बावजूद प्रतिदिन हजारों टन ताजा कचरा इन स्थलों पर पहुंच रहा है, जिससे नए कूड़ा पहाड़ बनने का खतरा बना हुआ है। इसी चुनौती से निपटने के लिए यह दीर्घकालिक योजना तैयार की गई है।

सत्या शर्मा ने कहा कि सभी परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया के दौरान करनाल, लखनऊ और गाजियाबाद नगर निगमों के सफल मॉडलों का अध्ययन किया गया। इसके बाद भुगतान प्रणाली, तकनीकी मानकों और परिचालन व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए गए ताकि दिल्ली को अधिक प्रभावी और व्यवहारिक मॉडल मिल सके। अब भुगतान प्रसंस्करण संयंत्र में आने वाले कचरे की मात्रा के आधार पर किया जाएगा, जिससे कार्य की निगरानी और जवाबदेही बेहतर होगी।

सत्या शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्वच्छ एवं हरित दिल्ली के संकल्प के अनुरूप एमसीडी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इन पांचों परियोजनाओं के शुरू होने के बाद प्रतिदिन लगभग 5900 टन कचरे और गाद का वैज्ञानिक प्रसंस्करण संभव होगा। इससे लैंडफिल स्थलों पर दबाव घटेगा, पर्यावरणीय जोखिम कम होंगे और राजधानी को कूड़े के नए पहाड़ों से बचाने में बड़ी मदद मिलेगी।

### राजीव नगर के कई ब्लॉकों में वेक्टरा मशीन से चला अभियान

# मानसून से पहले बेगमपुर वार्ड में नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आगामी मानसून को देखते हुए दिल्ली नगर निगम ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में एमसीडी में नेता सदन जय भगवान यादव ने बेगमपुर वार्ड संख्या-27 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में नालों की विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया। जय भगवान यादव ने बताया कि राजीव नगर ए, बी, सी और डी ब्लॉक, राधा कृष्ण मंदिर रोड, 15 फुटा रोड तथा 25 फुटा रोड पर वेक्टरा मशीन की सहायता से नालों की गहन सफाई करवाई गई है। उन्होंने कहा कि पूरे वार्ड में नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जल निकासी सुचारू बनी रहे। नेता सदन जय भगवान यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद योगेंद्र चंदोलिया और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के मार्गदर्शन में स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त दिल्ली के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी प्रमुख नालों और जल निकासी तंत्र की सफाई समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए, ताकि नागरिकों को बारिश के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सफाई कार्य में आधुनिक मशीनों का किया जा रहा उपयोग

नेता सदन ने कहा कि सफाई कार्य में आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे नालों में जमा गाद और कचरे को प्रभावी ढंग से हटाया जा सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जगबीर प्रधान, स्थानीय निवासी तथा एमसीडी के संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पूसा इंस्टीट्यूट ने लगाया जागरूकता कैंप



**गाजियाबाद।** खेत बचाओ अभियान' के तहत पूसा इंस्टीट्यूट ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले मुरादनगर के चितौडा गॉंव में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर एक जागरूकता कैंप आयोजित किया। इस कैंप के शुरुआत में, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जे.आर. मिश्रा ने सभी किसानों का स्वागत किया और 'खेत बचाओ अभियान' के बारे में संक्षेप में जानकारी दी।

### 3 देसी कट्टा व एक चोरीशुदा बाइक बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा 3 देसी कट्टे व एक बाइक बरामद की हैं। 8 जून को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने प्रिंस को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जा से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ है।

### सट्टा खाईं करने वाले को पुलिस ने किया काबू

**फरीदाबाद।** थाना एसजीएम नगर क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा सट्टा खाई करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर 1075 बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि राहुल कालोनी के पास सट्टा खाई की जा रही है, त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने रेड डाली तथा अमित को सट्टा खाई करते हुए 1075 सहित काबू किया गया। जिसके विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।



### गांजा बेचने के मामले में महिला सहित 2 काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस की अपराध शाखा एनआईटी व भूपानी की टीम द्वारा गांजा बेचने के 2 अलग-अलग मामलों में महिला सहित 2 को गिरफ्तार किया है। महिला के कब्जा से 210 ग्राम व विक्की के कब्जा से 474 ग्राम गांजा बरामद किया है। वहीं अपराध शाखा एनआईटी की टीम एक महिला को 210 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। महिला पर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। जिसके विरुद्ध थाना सेक्टर 58 में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।



अब तक की सबसे अधिक राइडरशिप व लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है

# नमो भारत का नया रिकॉर्ड : सराय काले खां से मेरठ तक उमड़ा जनसैलाब, एक दिन में सवा लाख से ज्यादा लोगों ने किया सफर

नमो भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। यह बीते रोज यानी 8 जून को बना। इस दिन सवा लाख से ज्यादा लोगों ने नेटवर्क ट्रेनों में सफर किया। ऐसा अब तक नहीं हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सोमवार, 8 जून को अब तक की सबसे अधिक दैनिक राइडरशिप रिकॉर्ड की गई। लगभग 125500 यात्रियों के साथ यह संपूर्ण कॉरिडोर पर एक दिन में अब तक दर्ज की गई यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है। आम दिनों में, औसतन लगभग 1 लाख यात्री प्रतिदिन नमो भारत सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। यह उपलब्धि एनसीआर में लोगों के यात्रा करने के तरीके में आ रहे बड़े बदलाव को दर्शाती है, जहाँ यात्री अब तेज, समयबद्ध और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन के रूप में नमो भारत को चुन रहे हैं।



## राइडरशिप में करीब 40% से अधिक का योगदान

दिल्ली में सराय काले खाँ, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार तथा उत्तर प्रदेश में गाज़ियाबाद और बेगमपुल कॉरिडोर पर सबसे व्यस्त स्टेशनों की सूची में लगातार बने हुए हैं। यह सभी स्टेशन सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधनों जिनमें मेट्रो, भारतीय रेलवे, आईएसबीटी और सिटी बसें शामिल हैं, के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। ये स्टेशन सम्मिलित रूप से कॉरिडोर की कुल राइडरशिप में लगभग 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहे हैं। मेरठ में नमो भारत के इसी इंफ्रास्ट्रक्चर पर परिचालित हो रही स्थानीय मेरठ मेट्रो सेवाओं ने शहर के भीतर यात्रा को भी अधिक सुगम बना दिया है। इससे यात्रियों को एक ही कॉरिडोर पर रीजनल और स्थानीय, दोनों प्रकार की निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध हो रही है, जो इस परियोजना की एक खास खूबी है।

### मिल रही है जबरदस्त कनेक्टिविटी

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत द्वारा यात्रा समय में होने वाली उल्लेखनीय कमी इसकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमुख कारण है। रोज़ाना कार्यालय आने-जाने वाले, विद्यार्थी तथा अन्य नियमित यात्री, जिनके लिए समय पर पहुंचना और विश्वसनीयता एक आवश्यकता है, अपनी दैनिक यात्रा के लिए नमो भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

स्कूल पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

# लोक अदालत ने दिए आरटीई दाखिले की हकदार छात्रा को दाखिला देने के आदेश

*लोक अदालत की बेंच ने डीपीएस 19 मैनेजमेंट को छात्रा कुलसुम को आरटीई कोटे से एक हफ्ते के अंदर दाखिला देने के आदेश दिये हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग के आदेश के बावजूद दाखिला न देने पर स्कूल पर 50000 का जुर्माना भी लगाया है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्थानीय अदालत ने आरटीई दाखिले की हकदार एक छात्रा के हित में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। परमानेंट लोक अदालत की बेंच ने डीपीएस 19 मैनेजमेंट को छात्रा कुलसुम को आरटीई कोटे से एक हफ्ते के अंदर दाखिला देने के आदेश दिये हैं।

इसके अलावा शिक्षा विभाग के आदेश के बावजूद दाखिला न देने पर स्कूल पर 50000 का जुर्माना भी लगाया है। जिसमें से 40000 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को व 10000 छात्रा को देने के आदेश दिए हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल 19 ने शिक्षा विभाग द्वारा अलॉट की गई सीट पर इस छात्रा को दाखिला नहीं दिया था। पीड़ित छात्रा के अभिभावक ने इसकी शिकायत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से की।

- दिल्ली पब्लिक स्कूल 19 ने शिक्षा विभाग द्वारा अलॉट की गई सीट पर दाखिला नहीं दिया था
- दाखिला न देना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन, 10000 छात्रा को देने के आदेश दिए

छात्रा के अभिभावक ने मंच का जताया आभार



**लीगल एडवाइजर के माध्यम से मुकदमा**

वहां मदद न मिलने पर उसने मंच के प्रदेश लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी के माध्यम से स्थानीय परमानेंट लोक अदालत में स्कूल के खिलाफ मुकदमा दायर किया जिस पर स्कूल व डीईईओ को नोटिस जारी किया गया।

### स्कूल अपनी मर्जी से दाखिला रोक नहीं सकते

मंच के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट ओपी शर्मा ने कहा है कि आरटीई के पात्र छात्रों को दाखिला न देना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। आरटीई के बारे में जनवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल पात्रता पर संदेह के आधार पर भी दाखिला नहीं रोक सकते। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि राज्य सरकार द्वारा आवंटित छात्रों को निजी स्कूलों को प्रवेश देना ही होगा और स्कूल अपनी मर्जी से इसे रोक नहीं सकते।

पैकिंग सामग्री, पाउडर, खाली कैप्सूल बोतलें लेबल बरामद

# बिना लाइसेंस चल रही आयुर्वेदिक दवा फैक्ट्री सील, संचालक गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नवीन नगर के दीपावली एंक्लेव स्थित एक मकान में बिना लाइसेंस के आयुर्वेदिक दवाओं की पैकिंग और बिक्री चल रही थी। केंद्रीय आयुष विभाग और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम में मौके से बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री, पाउडर, खाली कैप्सूल, बोतलें और दवाओं के लेबल बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में फर्म पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन मिला है। वर्कशॉप सील कर संचालकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई

केंद्रीय आयुष विभाग और आयुष विभाग हरियाणा की टीम संयुक्त रूप से दीपावली एंक्लेव, गली नंबर सात, नवीन नगर स्थित परिसर में पहुंची। यह कार्रवाई मंत्रालय से मिले निर्देशों और क्राइम ब्रांच की सूचना के आधार पर की गई। निरीक्षण के दौरान दो मंजिला भवन में बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री मिली। कुछ पैकिंग सामग्री पर एसएस हर्बल की सील लगी हुई थी।

### परिसर को क्राइम ब्रांच की मौजूदगी में सील

जांच टीम को यह भी जानकारी मिली कि पाउडर को कैप्सूल में भरकर बाजार में बेचा जाता था। क्राइम ब्रांच के अनुसार यह वर्कशाप देशबंधु और उनका बेटा संदीप कुमार चला रहे थे। फर्म के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार को पुलिस ने पहले ही पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, उसी से सारी जानकारी प्राप्त हुई। आयुष विभाग की ओर से 12 दवा नमूने परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए लिए गए। टीम ने मौके पर मौजूद पैकिंग सामग्री, पाउडर, लेबल, खाली कैप्सूल और बोतलों का विवरण तैयार कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। परिसर को क्राइम ब्रांच की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की कार्रवाई

# 2 चोर गिरफ्तार, 3 दिन की रिमांड लेकर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 22 अप्रैल को सेक्टर 8 स्थित एक मकान का ताला तोडकर चोरी करने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान सचिन गंभीर व अनिश निवासी सेक्टर-3 फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार पुलिस चौकी सेक्टर-8 में एक महिला ने दी अपनी शिकायत में बताया कि 20 अप्रैल को वह किसी काम से



गुरुग्राम गई थी, जब 23 तारीख को घर पर वापिस आई तो घर का ताला टुटा हुआ था तथा सोने के आभुषण व 1,50,000 रुपए गायब मिले। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर.08 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आदतन चोर व नशा करने के आदी है, जिन्होंने 22 अप्रैल को रैकी कर घर के गेट का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड रहा है जिन पर चोरी व शस्त्र अधिनियम के 6-6 दर्ज है। पुलिस टीम द्वारा 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर बरामदगी की कार्रवाई की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय शर्मा** पुत्र स्वर्गीय संत लाल शर्मा, निवासी ए-1102, वीवीआईपी होम्स, नोएडा एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 35524/23 धारा 379/411/34 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **अजय शर्मा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 35524/23 धारा 379/411/34 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री भारती बेनीवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कोर्ट रूम नंबर 114, पहली मंज़िल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7605/ON/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अर्जुन सिंह** पुत्र किशन लाल निवासी ई82 गाज़ीपुर गाँव, मकान नंबर 30/350 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 10810/2018 धारा 379 भा.द.स, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अर्जुन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **अर्जुन सिंह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 10810/2018 धारा 379 भा.द.स, थाना गाजीपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सचिन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
पूर्वी ज़िला, कोर्ट नंबर 16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7613/ED/2026

डीपीजी डिग्री कॉलेज एवं एचसीएल जीयूवीआई के बीच करार

# एआई कैरियर अकादमी से मिलेगा उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण व रोजगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सशक्त सेतु स्थापित करने तथा विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीपीजी डिग्री कॉलेज, गुरुग्राम एवं एचसीएल जीयूवीआई के बीच करार हुआ। यह साझेदारी विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई तथा अन्य उभरती तकनीकों में दक्ष बनाने के उद्देश्य से की गई है।

एमओयू डीपीजी डिग्री कॉलेज परिसर में किया गया। जिसमें कॉलेज के वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, प्राचार्य डॉ. एस.एस. बोकन, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. प्रहलाद सिंह, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया, विभिन्न संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। एचसीएल जीयूवीआई की ओर से वनोद श्रीनिवासन (जनरल मैनेजर एवं इंस्टीट्यूशन हेड), निशिकांत कुमार (सीनियर मैनेजर) तथा दीपक सारवानन (मार्केटिंग मैनेजर) ने समारोह में सहभागिता की।

### तकनीकी दक्षता और उद्योगोन्मुखी कौशल सफलता की कुंजी

डीपीजी डिग्री कॉलेज की ओर से डॉ. प्रहलाद सिंह तथा एचसीएल जीयूवीआई की ओर से विनोद श्रीनिवासन ने औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उपाध्यक्ष दीपक गहलोत ने कहा कि डीपीजी संस्थान सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में तकनीकी दक्षता व उद्योगोन्मुखी कौशल सफलता की कुंजी हैं। एचसीएल जीयूवीआई के साथ यह साझेदारी विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, उद्योग विशेषज्ञों का मार्गदर्शन तथा नवीनतम तकनीकों से परिचित होने का अवसर प्रदान करेगी। डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. प्रहलाद सिंह ने कहा कि एनईपी 2020 के अंतर्गत कौशल-आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है। यह सहयोग विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ वास्तविक परियोजनाओं, उद्योग आधारित प्रशिक्षण जोड़ने का कार्य करेगा।

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई सोनीपत | सोनीपत जिले में यमुना नदी ए/एफ 2025 पर 4 अदद स्टोन स्टड्स और 800 फीट रिवेटमेंट का निर्माण करके गांव पालड़ा (बाडोली कॉम्पलैक्स) में बाढ़ संरक्षण कार्य का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 2,70,65,970/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 2 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | भुखाडी - गांव भुखाडी, ब्लॉक बाबैन, जिला कुरुक्षेत्र में जगदेव नम्बरदार के मकान से हरनेक सिंह के मकान तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 05.06.2026 12.06.2026 | 14,67,328/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज नारनौल | धानोंदा ब्लॉक कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण। | 06.06.2026 16.06.2026 | 3,77,99,454/- | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 4 | सिंचाई चरखी दादरी | वर्ष 2026-27 हेतु बाढ़ का पानी निकालने के लिए 15/20 एचपी इलैक्ट्रिक स्टार डेल्टा स्टार्टर्स की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 10.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | सिंचाई चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल सं. 3, चरखी दादरी में गांव अचीना में आरडी 53700-एल लोहारू फीडर पर 03 सीएस. क्षमता के 2 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट की आपूर्ति, परीक्षण, स्थापना और प्रचालन और 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 49.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव डहीना, ब्लॉक डहीना, जिला रेवाड़ी में डहीना से गोठड़ा टप्पा डहीना तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (एचजीवीवाई) + 1 कार्य। | 05.06.2026 18.06.2026 | 3,45,37,393/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव नैना ततारपुर में धानक चौपाल का निर्माण, एमपीएलएडी। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 4,18,734/- | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककरोई में लोनिवि रोड से रामजीवन पुत्र श्री किरदार सिंह के खेत तक (निकट एसटीपी प्लांट) बीओई पथ का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 7,23,556/- | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प शाखा हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (टोहाना में 100 बिस्तर वाले नागरिक हस्पताल के लिए एमजीपी और सम्बद्ध कार्यों का प्रावधान)। | 05.06.2026 11.06.2026 | 5,30,63,359/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई भिवानी | 01.07.2026 से 30.06.2027 की अवधि के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर ईपी डीपी वीटी पम्पस को चलाने के लिए हैल्पर चौकीदार ऑपरेटर। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | ईएमडी 5,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 11 | सिंचाई सोनीपत | खरीफ सीजन 2026-27 से पूर्व आरडी 0 से 22840 तक 1-आर राजपुरा माइनर और आरडी 0 से 44549 तक राजपुरा डिस्टी. की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 29,62,443/- | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 12 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | राजकीय महाविद्यालय रिथोज जिला गुरूग्राम में विशेष मरम्मत बकाया कार्य। (सी.एम. घोषणा सं. 9687 दिनांक 29.11.2014) | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 49,48,155/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | गुरूग्राम में स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह हेतु विशेष मरम्मत (फ्लोरिंग)। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 37,58,176/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प शाखा गुरूग्राम | गुरूग्राम में उपायुक्त आवास में रोड की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | 9,88,544/- | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 15 | आपूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा | 1. छोटे आकार के आइस लाइंड रेफ्रीजरेटर्स (75-200 ली. क्षमता वाले) की अधिप्राप्ति। 2. बड़े आकार के आइस लाइंड रेफ्रीजरेटर्स (201-300 ली. क्षमता वाले) की अधिप्राप्ति। | 10.06.2026 10.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/300/46051/I/88/7 दि. 09.06.26

## 10 सर्कुलर रोड आवास से सामान को गोला रोड स्थित गौशाला में शिफ्ट किया जाएगा

# मीसा भारती का ऐलान, राबड़ी देवी खाली करेंगी आवास, लालू यादव और तेजस्वी पटना पहुंचे

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अपना सरकारी आवास खाली कर देंगी। उनकी बेटी एवं आरजेडी सांसद मीसा भारती ने यह ऐलान किया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बेटे तेजस्वी यादव और बेटी मीसा भारती पटना पहुंच गए हैं।

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास को खाली कर देंगी। लालू-राबड़ी की बड़ी बेटी एवं आरजेडी की सांसद मीसा भारती ने यह ऐलान किया। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव सिंगापुर से भारत लौटने के बाद मंगलवार को पटना पहुंच गए। इस दौरान उनके बेटे तेजस्वी यादव एवं बड़ी बेटी मीसा भारती भी साथ रहीं। लालू एक सप्ताह के लिए स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगापुर गए थे। वहां से एक दिन पहले ही दिल्ली लौटे थे। दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा कि पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित उनकी मां एवं पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास को जल्द खाली कर दिया जाएगा।



### मीसा भारती ने पत्रकारों से खुलकर बात की

इसके बाद पटना एयरपोर्ट पर मंगलवार को लालू यादव के साथ मौजूद मीसा भारती ने पत्रकारों से खुलकर बात की। लालू परिवार के सदस्यों की सुरक्षा कम किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को अपराधियों को सुरक्षा देने में कमी हो रही है, इसलिए दोनों पूर्व सीएम (लालू यादव एवं राबड़ी देवी) की सुरक्षा (जेड प्लस सिक्योरिटी) वापस कर दी गई है।

### 15 दिन की डेडलाइन से पहले ही खाली होगा राबड़ी आवास

वहीं, सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि राबड़ी आवास को खाली करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास से सामान को गोला रोड स्थित गौशाला में शिफ्ट किया जाएगा। गौरतलब है कि यह आवास लालू की पत्नी राबड़ी देवी के नाम पर आवंटित था। नवंबर 2025 में तत्कालीन नीतीश सरकार ने बिहार विधान परिषद की नेता प्रतिपक्ष के लिए 39 हार्डिंग रोड बंगला कर्णांकित कर दिया था।

## रामकथा के मंच से अखिलेश-शिवपाल पर तंज

# चाचा-मामा हमेशा गलत रास्ते पर ही ले जाते हैं



एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को एक नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। इसके मंच से उन्होंने समाज को नकारात्मक ताकतों के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया, वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश की सियासत के सबसे चर्चित 'चाचा-भतीजा' यानी शिवपाल यादव और अखिलेश यादव की जोड़ी पर करारा हमला बोला है। उन्होंने महाभारत और रामायण के पात्रों का उदाहरण देते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण और महाभारत काल की कड़ियों को आज की राजनीति से जोड़ते हुए कहा, 'ये चाचा और मामा जब किसी व्यवस्था में पड़ते हैं ना, तो हमेशा उसको कुसंग (गलत रास्ते) की तरफ ही लेके जाते हैं, वे कभी सन्मार्ग की तरफ नहीं ले जाते हैं।' उन्होंने कहा कि आप सबने इतिहास में देखा होगा कि जब शकुनि दुर्योधन के पाले पड़ा, तो उसने पूरे परिवार का विनाश करते हुए महाभारत करवा दिया। ठीक इसी तरह मारीच भी रावण के संग आया था।

### भारत की धरती कोई धर्मशाला नहीं

सीएम योगी ने राष्ट्रीय अस्मिता और भारत की सांस्कृतिक निष्ठा पर बात करते हुए बेहद कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने दो टूक कहा, 'जो लोग भारत के प्रति आस्था और निष्ठा नहीं रखते हैं, और यहां के सनातन संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उनके लिए भारत की यह पावन धरती कोई धर्मशाला नहीं हो सकती है।' मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि जिनके अंदर भी इस देश का असली डीएनए मौजूद है, उनके आदर्श केवल और केवल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ही हो सकते हैं।

### 'लव जिहाद' के खिलाफ साल 2020 का सख्त कानून

नारी सम्मान की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने आधुनिक समाज में पैर पसार रही 'लव जिहाद' की कुप्रथा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नारी गरिमा से खिलवाड़ करने वाली लव जिहाद की घिनौनी घटनाओं को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने साल 2020 में ही राज्य के भीतर एक बेहद कड़ा और सख्त कानून बना दिया था। हालांकि उन्होंने समाज को आगाह करते हुए कहा कि सिर्फ कानून ही काफी नहीं है, बल्कि ऐसी कुप्रथाओं को जड़ से उखाड़ने के लिए आज भी समाज में एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की परम आवश्यकता है।

### 'लैंड जिहाद' करने वाले आज के खर-दूषण और सुबाहु

भाषण के आखिरी हिस्से में सीएम ने अवैध कब्जों यानी 'लैंड जिहाद' पर कड़ा रुख अख्तियार किया। उन्होंने भू-माफियाओं व अवैध कब्जाधारियों की तुलना त्रेतायुग के राक्षसों से करते हुए कहा, "लैंड जिहाद से जुड़े हुए लोगों को समझना पड़ेगा कि आखिर उस कालखंड में खर-दूषण, मारीच और सुबाहु क्या कर रहे थे? वे सब भी उस दौर में लैंड जिहाद के ही अभियान से जुड़े थे।" योगी ने गरजते हुए कहा कि सरकारी या किसी की भी खाली जमीन देखी नहीं कि वहां जबरन अपना तंबू गाड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### नाम के फेर में फंसे नथवाणी, होल्ड पर

**रांची।** नामांकन पत्रों की जांच में प्रत्याशी परिमल नथवाणी का



नामांकन होल्ड पर रख दिया गया है। उनके दस्तावेजों में नाम को लेकर तकनीकी विवाद के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने कड़ी आपत्ति जताई है। जमा किए दस्तावेजों में नाम की विसंगति सामने आई है। कुछ दस्तावेजों में उनका नाम परिमल नथवाणी दर्ज है। जबकि कुछ में नथवाणी परिमल लिखा हुआ है।

### एसडीएम पर हमला पथराव में सिर फटा

**हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली इलाके के परियल गांव में बाढ़ राहत की तैयारियों का जायजा लेने



गए एसडीएम सुशील कुमार से प्रधान के पुत्र ने अभद्रता कर दी। इस पर एसडीएम ने उसे अपने पास बैठा लिया। प्रधान के पुत्र ने फोन कर गांव से महिलाओं और ग्रामीणों को बुला लिया। मामला शांत होने पर एसडीएम जाने लगे तभी महिलाओं और ग्रामीणों ने पथराव कर दिया।

## महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

# 3 तलाक व एसिड पीड़िताओं के आंसू पोछेगी योगी सरकार, घर व इलाज की जिम्मेदारी भी उठाएगी

*यूपी में तीन तलाक पीड़ित महिलाओं और एसिड अटैक पीड़िताओं को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सरकार उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध करवाएगी...*

एजेंसी ⏭ लखनऊ

योगी सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सशक्तीकरण को लेकर लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने तीन तलाक तथा एसिड अटैक जैसी गंभीर सामाजिक त्रासदियों से प्रभावित महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

योगी सरकार इन पीड़ित महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही निराश्रित महिलाओं को भी इन सभी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

**खास बातें**

- महिला कल्याण विभाग ने तेज की कार्रवाई
- मिलेगा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

### एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को जरूरत पड़ती है कई सर्जरी की



उल्लेखनीय है कि एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को लंबे समय तक इलाज, कई सर्जरी और पुनर्वास की आवश्यकता होती है. वहीं ट्रिपल तलाक से प्रभावित अनेक महिलाएं आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना करती हैं. ऐसे में आवास और स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराकर योगी सरकार उनके जीवन को अधिक सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

### कई विभागों से समन्वय स्थापित कर एकत्रित किया जा रहा डाटा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग तीन तलाक एवं एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के साथ निराश्रित महिलाओं का विस्तृत डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा सके। शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और शासनादेश (जीओ) तैयार करने की प्रक्रिया भी चल रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित महिलाओं का सत्यापित विवरण एकत्रित किया जा रहा है। इसके आधार पर लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए थे निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि जिन महिलाओं को तीन तलाक या एसिड अटैक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है और जिनके पास स्थायी आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही इन महिलाओं और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का भी लाभ दिया जाए। मालूम हो कि एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को लंबे समय तक इलाज, सर्जरी और पुनर्वास की आवश्यकता होती है। वहीं, तीन तलाक से प्रभावित कई महिलाएं आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना करती हैं। ऐसे में आवास और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों उपलब्ध कराकर योगी सरकार उनके जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## पेज एक का शेष

### भारत का 'स्वर्णिम'...

आपस में जुड़ गए हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। अधिकारियों को उम्मीद है कि जनवरी-फरवरी 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरंग का ब्रेकथ्रू निर्धारित समय से लगभग छह महीने पहले हो रहा है। ब्रेकथ्रू के बाद सात से आठ महीने तक सिविल कार्य जारी रहेगा। इसके बाद विद्युत और अन्य तकनीकी कार्य शुरू किए जाएंगे। हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग कंपनी के इंजीनियरों ने यह कमाल कर दिखाया है। जोजिला टनल का निर्माण करीब 7000 करोड़ की राशि से हो रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि यह सुरंग लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के लिए जीवन रेखा साबित होगी। गडकरी ने परियोजना में लगे इंजीनियरों, श्रमिकों और एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सुरंग चुनौतीपूर्ण भू-भाग और कठिन मौसम में भी सफलतापूर्वक बनाई गई है। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला व उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे।

**सामरिक नजरिए से अहम है ये सुरंग :** सुरंग खुलने से सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की त्वरित तैनाती और रसद आपूर्ति को भी मजबूती की जा सकेगी। अलावा पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। लद्दाख तक निर्बाध आवागमन हो सकेगा। स्थानीय निवासी बशारत अहमद ने कहा कि सुरंग शुरू होने व्यापार और वस्तुओं के आदान-प्रदान को भी नई गति मिलेगी। क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### यह न्यू ऑस्ट्रियन ...

संचार व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति और स्मार्ट टनल (एससीएडीए) प्रबंधन प्रणाली जैसे अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

### युद्ध से बढ़ते...

कुवैत में हुई मप्र. के एक व्यक्ति की मौत : गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख अल जाबेर के बीच यह संवाद बीते दिनों ईरान द्वारा खाड़ी के इस महत्वपूर्ण देश के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर किए गए ड्रोन हमले के बाद हुई है। जिसमें एक भारतीय की मौत हो गई थी। जबकि एक दर्जन से ज्यादा देश के लोग घायल हो गए थे। सूत्रों ने 9 जून को बताया कि कुवैत में ईरान के हमले में मारा गया भारतीय नागरिक मध्य-प्रदेश का रहने वाला था। इस घटना के वक्त वह हवाईअड्डे पर अपनी फ्लाइट के इंतजार में था। जिसके जरिए उसे स्वदेश लौटना था। हमले से ठीक पहले उसने अपने परिवार से भी बातचीत की थी।

### सदनों में व्यवधान...

है। इस दो दिवसीय सीपीए इंडिया रीजन ज़ोन-II (नॉर्थ ज़ोन) कॉन्फ्रेंस में देश के 12 राज्यों की विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें सीपीए ज़ोन–II के सदस्य राज्यों—हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली—के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम और पश्चिम बंगाल जैसी अन्य राज्य विधायिकाओं के पीठासीन अधिकारियों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बिरला ने जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि विधायी संस्थानों में उनका आचरण अनुकरणीय होना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण सुनिश्चित किया जा सके। बिरला ने कहा, जैसा नेतृत्व का आचरण और व्यवहार होता है, वैसा ही समाज बनता है। जनता ने हमें चुनकर भेजा है, इसलिए हमारे आचरण का सीधा प्रभाव समाज पर पड़ता है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी विधायक अपने-अपने राज्यों और संस्थाओं में इन संकल्पों को आत्मसात कर आगे बढ़ेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि विभिन्न राज्यों से आए जनप्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं ने यहाँ अपने अनुभव, दृष्टिकोण और नवाचार साझा किए। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन चार महत्वपूर्ण संकल्पों के साथ संपन्न हुआ है, जिनका उद्देश्य विधायी संस्थाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना मजबूत संसदीय और विधायी संस्थाओं पर ही आधारित है। इसके लिए जनभागीदारी बढ़ाना, तकनीक का अधिकतम उपयोग, विधायकों का क्षमता संवर्धन, नीतियों एवं कानूनों के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि सम्मेलन में पारित सभी संकल्प भविष्य की एक मजबूत नींव हैं, जिनके माध्यम से देश की विधायी और लोकतांत्रिक संस्थाएँ जनता के सहयोग से आगे बढ़ेंगी।

### अवैध फैक्ट्री में धमाके...

विधायक अमीन कागजी ने प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी के बीच अवैध रूप से बारूद का गोदाम संचालित हो रहा था और पुलिस को भनक तक नहीं थी, यह सीधे तौर पर सिस्टम का फेल्योर है। जिला प्रशासन ने अब उस पूरी कॉलोनी को अवैध मानते हुए संबंधित तहसीलदार और पटवारी से रिपोर्ट तलब की है।

**फैक्ट्री सील, मकान मालिक और संचालक पर कार्रवाई की तैयारी :** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और डीसीपी ईस्ट रंजीत शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि रिहायशी इलाके में यह गोदाम पूरी तरह अवैध था। एसएचओ ओमप्रकाश के मुताबिक यह मकान याकूब नाम के व्यक्ति का है, जिसने इसे दिल्ली निवासी फिरोज को किराए पर दिया था। फिरोज यहां वसीम नाम के युवक के साथ मिलकर अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री और गोदाम चला रहा था। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और मकान मालिक व संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### भोपाल से दिल्ली...

**सचिन पायलट का हमला :** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ है कि किसी प्रमुख विपक्षी दल के उम्मीदवार का नामांकन बिना स्पष्ट कारण बताए खारिज कर दिया गया हो। पायलट ने कहा, ₹हमारे उम्मीदवार पर कोई मुकदमा नहीं है। इसके बावजूद उनका नामांकन रद्द किया गया। हम सिर्फ अपनी शिकायत दर्ज कराने आयोग आए थे, लेकिन हमें मिलने तक नहीं दिया गया। जिस सीट पर हम जीत रहे थे, उसे इस तरह खत्म कर दिया गया। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जा सकती है।

**भूपेश बघेल ने उठाए सवाल :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर ने शाम 5:30 बजे तक सुनवाई का समय दिया था, जबकि उसी समय चुनाव आयोग का कार्यालय बंद हो गया। उन्होंने कहा, ₹अगर हम आरओ के फैसले से असंतुष्ट हैं तो शिकायत चुनाव आयोग में करनी होगी। लेकिन आयोग का कार्यालय ही बंद हो गया। हमें आवेदन देने के लिए धरने पर बैठना पड़ा। पहले तो मिलने तक नहीं दिया गया, बाद में दो लोगों को आवेदन जमा करने की अनुमति दी गई, जैसे कोई एहसान किया जा रहा हो।

**कांग्रेस का आरोप: संस्थाओं की स्वतंत्रता खतरे में :** कांग्रेस ने पूरे घटनाक्रम को लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करने वाला बताया है। पार्टी का कहना है कि संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल राजनीतिक सुविधा के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि लोकतंत्र तब कमजोर हो जाता है जब संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम करने के बजाय सत्ता के दबाव में निर्णय लेने लगती हैं। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की लड़ाई जारी रहेगी।

### आयोग कार्यालय के ...

हैं। पूर्व मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और सांसद यहां मौजूद हैं। यदि लोकतंत्र का थोड़ा भी सम्मान बचा है तो चुनाव आयोग को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। वेणुगोपाल ने कहा कि आयोग से मुलाकात के लिए पत्र भेजे जाने के बावजूद नेताओं को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आयोग ने सुनवाई नहीं की तो कांग्रेस कानूनी विकल्पों का सहारा लेगी।

## नीट एक्जाम से पहले पुलिस ने जारी किया अलर्ट

# अफवाहों से बचे, झांसे में न आएं, साइबर ठग जाएंगे जेल




एजेंसी ⏭ पटना

बिहार पुलिस ने आगामी 21 जून को होने वाली नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा से पहले छात्रों और उनके माता-पिता को कड़ी चेतावनी जारी की है। पुलिस ने लोगों को प्रश्न पत्र और उत्तर लीक करने का दावा करने वाले धोखेबाजों और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने की सलाह दी है। राज्य पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने एक आधिकारिक नोटिस जारी कर कहा, आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे 21 जून को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के नाम पर प्रश्न पत्र या आंसर-शीट दिलाने का झांसा देने वाले साइबर ठगों के बहकावे में न आएं।

### माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस को अंदेशा है कि कुछ असामाजिक तत्व और साइबर अपराधी सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाकर परीक्षा की निष्पक्षता को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। पुलिस ने साफ किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल होने वाले लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी सीएस ने डीएम को दिए निर्देश

# जनगणना में लापरवाही पर सख्त ऐक्शन लें अधिकारी

एजेंसी ⏭ लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, कौशांबी, झांसी, लखनऊ, गोंडा व गौतमबुद्धनगर जिलों में जनगणना काम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनगणना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं होगी। इस काम में सहयोग न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।मुख्य सचिव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनगणना की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान डीएम व नगर आयुक्तों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जनगणना कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही जनगणना कार्य की प्रगति की दैनिक समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया जाए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में अपेक्षित सहयोग न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनगणना की समीक्षा**

## दुमका बंदोबस्त कार्यालय में हंगामा

**पैदल खींचते हुए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय लेकर गए**

# पैसे लेकर गलत फैसला सुनाने के आरोप में सहायक बंदोबस्त अधिकारी को पैदल घसीटा

एजेंसी ⏭ दुमका

हमेशा अपने फैसलों को लेकर विवादों में रहने वाला बंदोबस्त कार्यालय में मंगलवार को दूसरे पार्टी के लोगों ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार पर पक्षपात करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। फैसले से नाराज गोड्डा के महागामा के लोग सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (एएसओ) मनोज कुमार को बंदोबस्त कार्यालय से पैदल खींचते हुए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय लेकर गए। आयुक्त के सचिव अमित कुमार ने कार्यालय में दोनों पक्षों की मौजूदगी में पूरे मामले की जानकारी ली। सचिव ने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित मामले से जुड़े सभी अभिलेख एवं दस्तावेज शाम तक उपलब्ध कराए जाएं, ताकि मामले की निष्पक्ष समीक्षा की जा सके। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में सुकरी देवी, उसकी बेटी डोली कुमारी समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है।



### 2018 से लंबित था मामला

पीड़ित पक्ष की सुकरी देवी के बेटी डोली कुमार ने बताया कि अंतिम प्रकाशन शिविर न्यायालय, महगामा में लंबित आपत्तिवाद संख्या 824/2018, उदयकृष्ण सिंह व अन्य बनाम सुकरी देवी मामले में उन्हें विपक्षी के रूप में 16 दिसंबर 2025 को नोटिस प्राप्त हुआ, जबकि यह वाद वर्ष 2018 से लंबित था। नोटिस मिलने के बाद वे निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित हुए और जवाब दाखिल किया।

### बाहरी व्यक्तियों का नाम गलत तरीके से दर्ज

पति की बहन घाटो देवी के वंशज होने के नाते भूमि पर उनका अधिकार बनता है। वहीं सुकरी देवी का आरोप था कि वर्तमान जमाबंदी में बाहरी व्यक्तियों का नाम गलत तरीके से दर्ज कर दिया गया है, जिसे निरस्त कर उनके नाम दर्ज किए जाने की मांग की।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्वल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला




## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

## राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

# हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ दिलाएं: सीएम

## संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों का किया जाए सकारात्मक निराकरण

**प्रदेश में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिमुलेटरी स्पेस सेंटर की होगी स्थापना**

**मुख्यमंत्री ने की पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग की ओर से उद्यम व स्वरोजगार योजना में दी जाने वाली सब्सिडी व ऋण सहायता सुलभ व समय में देकर उसके उपयोग की मॉनीटरिंग भी की जाए। विभाग अपनी विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण कराने के अलावा संबंधित हितग्राही को बैंक से समुचित सब्सिडी, ऋण दिलाने में भी हितग्राही का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं



पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा करते सीएम।

एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी इसके लिए स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय करके काम करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को सरकार की ओर से दी जा रही छात्रवृतियां उसी वर्ष तय तारीख तक आवश्यक रूप से वितरित कर दी जाए, जिस वर्ष में वह छात्रवृत्ति देय है।

### हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को सहज, सुलभ व समय पर लाभ देना होना चाहिए। उद्देश्य पूर्ति के लिए किसी भी तकनीकी समस्या या अन्य प्रक्रियात्मक त्रुटियों का तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी प्रकार की वक्फ संपत्तियों की प्रविष्टियाँ केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'उम्मीद पोर्टल' पर आवश्यक रूप से की जाए तथा वक्फ संपत्तियों से संबंधित भूमि विवादों के निराकरण के लिए लगातार मॉनीटरिंग कर उनका सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि 'उम्मीद पोर्टल' में वक्फ सम्पत्तियों की प्रविष्टियों के मामले में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है।

### विभागीय लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कर लिया जाए। विभागीय जांच निर्धारित समय सीमा में पूरी कर समुचित निराकरण करें। सभी निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मासिक, मासिक अंतराल पर विस्तृत समीक्षा कर उन्हें समय सीमा में ही पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सभी विभागीय योजनाओं की जरूरतमंदों, आवेदकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक 'वर्चुअल वॉयस असिस्टेंस टूल' विकसित किया जा रहा है।

### 'एमपी ऑनलाइन' के जरिए करें जागरुक

साथ ही 'डिजिटल मार्केटिंग फॉर प्रमोटिंग डिपार्टमेंटल एक्टिविटी' के तहत विभाग 'डिजिटल मार्केटिंग' के जरिए विद्यार्थियों को 'एमपी ऑनलाइन' के जरिए जागरूक भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने इस विभागीय नवाचार को 'एमपी ई-सेवा पोर्टल' से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि ओबीसी सहित अन्य सभी वर्ग के विद्यार्थियों को उनके लिए संचालित रोजगारपरक एवं स्वरोजगार स्थापना से जुड़ी योजनाओं की जानकारी का लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश प्रभारी ने की प्रदेश महामंत्री और संभाग प्रभारियों के साथ बैठक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

### संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि का महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

**भोपाल।** सोमवार को मध्य प्रदेश शासन ने प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की सीपीआई इंडेक्स के तहत वेतनवृद्धि के आदेश जारी किए हैं। आज जो मध्य प्रदेश शासन ने सीपीआई इंडेक्स में बढ़ोतरी की है, उसका मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया। साथ ही मांग की है कि नियमित पदों पर संविदा कर्मचारियों का संविलियन किया चाहिए और नियमित कर्मचारियों के समान ही सभी वेतनमान और भत्ते दिए जाने चाहिए।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. 12-13 को मनाएगी 24वां स्थापना दिवस

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 और 13 जून को कंपनी मुख्यालय सहित भोपाल और ग्वालियर क्षेत्रों के विभिन्न कार्यालयों में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों, पौधरोपण और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।


## पीथमपुर में बनेगी हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफेक्चरिंग यूनिट, मुख्यमंत्री ने कहा

# भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में तेजी के साथ बढ़ रही मप्र की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत आज पूरी दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। वर्तमान में दुनिया भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद उत्पादन केंद्र, वैश्विक सप्लाई चेन पार्टनर और आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 'ग्लोबल फार्मा हब' बनाने में मप्र की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। मप्र आज हर क्षेत्र में निवेश के नए युग में प्रवेश कर आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह (वर्चुअल ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर कंपनी की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सांकेतिक भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि हेलियन कंपनी ने भारत में पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए मप्र के पीथमपुर को चुना है।




हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन समारोह को वीसी के माध्यम से संबोधित करते मुख्यमंत्री।

- मुख्यमंत्री ने वीसी से किया यूनिट का भूमि-पूजन
- दो हजार करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित हो रही इस यूनिट से एक हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

### दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मात्रा के आधार पर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फार्मा उत्पादक देश है। यहां 3 हजार से अधिक कंपनियां और 10 हजार 500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां दवाओं का उत्पादन कर रही हैं। मप्र में 300 से अधिक फार्मा कम्पनियां तथा 30 से अधिक एपीआई और बल्क ड्रग्स निर्माता सक्रिय हैं। निर्मित दवाएं अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में निर्यात हो रही हैं।

### हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह नए दौर का मप्र है। हमारा प्रदेश अब आत्मनिर्भर बन रहा है। मप्र में निवेश के इच्छुक सभी निवेशकों को उद्योग स्थापना से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक हर स्तर पर राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। बताया गया कि हेलियन ग्रुप की इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के माध्यम से करीब 1000 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कंपनी की ओर से इस प्लांट में 30 प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखने की सराहना करते हुए कहा कि यह सरकार के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को और मजबूती देगा।

### 2 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक भूमि-पूजन अवसर पर हेलियन ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि सरकार हर कदम पर आपके सहयोग के लिए साथ खड़ी है। कंपनी ने मप्र में तात्कालिक तौर पर 2 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी की मप्र में निवेश राशि 2 हजार करोड़ रुपए से 2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।*

### मुख्यमंत्री ने कंपनी के सीईओ ब्रायन का प्रतीक चिन्ह देकर किया अभिनंदन

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मप्र औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड चंद्रमौली शुक्ला, हेलियन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ब्रायन मैकनामारा, हेलियन इंडिया के अध्यक्ष (भारतीय उप महाद्वीप) केदार लेले,



पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त हरजिंदर कांग, हेलियन इंडिया की चीफ सप्लाई चेन ऑफिसर नम्रता पटेल, हेलियन इंडिया के कार्यपालिक उपाध्यक्ष नितिन माथुर, हेलियन इंडिया की संचालक (कॉर्पोरेट अफेयर्स एण्ड सीएसआर) वेदिका कपूर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीएम ने कंपनी के सीईओ ब्रायन का प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया।

## क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने सीएम से की भेंट

# माइकल क्लार्क की गेंद सीएम सैनी ने मारा छक्का



**चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने क्रिकेट और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न विषयोंर चर्चा की तथा मैत्रीपूर्ण माहौल में क्रिकेट भी खेला।

मुलाकात के दौरान माइकल क्लार्क ने मुख्यमंत्री के खेल प्रेम और क्रिकेट के प्रति उनके उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें बेहद खुशी हुई। क्लार्क ने मुस्कुराते हुए बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को एक गेंद फेंकी, जिस पर मुख्यमंत्री ने शानदार छक्का जड़ दिया। माइकल क्लार्क ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं तथा खेल दोनों देशों को और अधिक करीब लाने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

### हरियाणा खेल प्रतिभाओं की भूमि



उन्होंने हरियाणा को खेल प्रतिभाओं की भूमि बताते हुए कहा कि राज्य ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा से भविष्य में और भी उत्कृष्ट क्रिकेटर उभरकर सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि वह हरियाणा में अधिक समय बिताना चाहते हैं ताकि युवा खिलाड़ियों को अपने अनुभवों का लाभ दे सकें। साथ ही, भविष्य में क्रिकेट अकादमी स्थापित करने की संभावना पर भी विचार किया जा सकता है। क्लार्क ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय युवा खिलाड़ियों के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत रहेंगे।

# फंदे पर लटका मिला कैदी का शव, जेल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला जेल जांजगीर में एक कैदी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान दुवास राम केंवट (21) निवासी ग्राम जवाली, थाना बांकीमोंगरा, जिला कोरबा के रूप में हुई है। वह अनाचार और अपहरण के एक मामले में गिरफ्तार होने के बाद एक दिन पहले ही जेल भेजा गया था। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह जेल परिसर के बाथरूम की सफाई के लिए कर्मचारी पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने एक कैदी को बाथरूम की खिड़की में कपड़ा बांधकर फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। घटना की सूचना तत्काल जेल प्रशासन को दी गई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई।



### पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

*सूचना मिलते ही सीएसपी योगिता बाली खापर्डे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम और साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की गई तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार दुवास राम केंवट को बलौदा पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और अनाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। 8 जून को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जिला जेल भेजा गया था।*

## 10 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नाबालिग प्रेमिका से अवैध संबंध बनाकर बना लिया वीडियो, दोस्तों ने किया ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र में शर्मनाक घटना सामने आई है। प्रेमी ने प्रेमिका के साथ अवैध संबंध बनाकर उसका वीडियो बना लिया और दोस्तों को दिखा दिया। वीडियो वायरल होने की बात कहकर गांव के अन्य युवकों ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर संबंध बनाने का दबाव डाला। शिकायत के बाद बालको पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता 17 साल की है और 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी है। उसका हीरो लाल चौहान उम्र (30 वर्ष) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि हीरो लाल ने लड़की के साथ संबंध बनाए और चुपके से वीडियो बना लिया। बाद में उसने यह वीडियो अपने दोस्तों को दिखा दिया। वीडियो की बात गांव के अन्य युवकों तक पहुंच गई।




### ब्लैकमेलिंग से तंग आकर की शिकायत

वीडियो बनने और देखे जाने की बात कहकर गांव के कई युवक लड़की को ब्लैकमेल करने लगे। कुछ ने संबंध बनाने का दबाव डाला तो कुछ ने गलत इशारे कर परेशान किया। लगातार ब्लैकमेलिंग से तंग आकर लड़की टूट गई। वीडियो की बात जब पीड़िता के भाई तक पहुंची तो वह बहन को लेकर बालको थाना पहुंचा और पुलिस से शिकायत दर्ज कराई।

### बालको थाना क्षेत्र का मामला

शिकायत के बाद बालको थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में होरी लाल चौहान उम्र 30 वर्ष, कन्हैया सिंह उम्र 25 वर्ष, उदय चौहान 22 वर्ष, मनीष चौहान उम्र 22 वर्ष, बुग्गु चौहान उम्र 21 वर्ष, राकेश सिंह उम्र 40 वर्ष, दशरथ पटेल उम्र 32 वर्ष, चित्रभान पटेल उम्र 30 वर्ष, शत्रुहन चौहान 25 वर्षीय, योगेश चौहान 22 वर्षीय शामिल हैं।

### घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप

पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस घटना के बाद बालको क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। नाबालिग से जुड़े मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## जब्त मोबाइलों की कीमत करीब 26.62 लाख रुपए

# 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' के तहत 150 गुम मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सीईआईआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने 150 गुम मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 26.62 लाख रुपये है।

मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने कोरबा पुलिस का आभार जताया। साइबर सेल और जिले के सभी थाना-चौकी स्टाफ



के संयुक्त प्रयास से गुम मोबाइलों को विभिन्न जिलों और राज्यों से ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद फोन में एप्पल, सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रेडमी, रियलमी और वनप्लस जैसी कंपनियों के महंगे मोबाइल शामिल हैं। सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी मदद से इन मोबाइल फोनों को खोजकर उनके मालिकों तक पहुंचाया गया।

साइबर पुलिस थाना कोरबा ने पिछले पांच महीनों में 300 से अधिक गुम मोबाइल ट्रैक कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस दिलाए हैं। मंगलवार को साइबर थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 150 लोगों को उनके मोबाइल सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन दोबारा मिल पाएगा।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल पर नारेबाजी

### उचित कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# वनरक्षक एवं जेल प्रहरी सहित 4 परीक्षाओं का निरस्त होने पर अभाविप ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित वनरक्षक, जेल प्रहरी, सहायक जेल अधीक्षक एवं क्षेत्र प्रहरी भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली को सर्वर में आई तकनीकी खराबी के कारण निरस्त किए जाने के विरोध में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

परिषद ने इस घटना को विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने कहा कि प्रदेश स्तरीय परीक्षा के इस प्रकार अचानक निरस्त होने से हजारों परीक्षार्थियों को भारी मानसिक पीड़ा, समय की बर्बादी एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना



अभाविप ने किया प्रदर्शन।

पड़ा है। साथ ही विद्यार्थियों के मन में परीक्षा प्रणाली के प्रति गहरा संशय, असंतोष एवं निराशा का भाव उत्पन्न हुआ है। अभाविप इस पूरी घटना पर गहरा रोष व्यक्त करती है। प्रदर्शन के दौरान परिषद ने मांग की कि परीक्षा निरस्त होने के मूल कारणों तथा सर्वर की इस गंभीर तकनीकी खामी की जांच के लिए तत्काल उच्च स्तरीय समिति गठित की जाए। साथ ही इस तकनीकी विफलता एवं अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, तकनीकी एजेंसियों एवं अन्य दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### अगली परीक्षा में सर्तकता बरतें

अभाविप ने यह भी मांग की कि आगामी 20 जून को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल एवं राज्य सरकार विशेष सतर्कता बरतें तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, सर्वर फेलियर अथवा तकनीकी विसंगति को रोकने के लिए व्यापक, पारदर्शी एवं पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। अभाविप मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि अंतिम क्षणों में परीक्षा का रद्द होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो अभाविप उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

### एनएसयूआई ने कर्मचारी चयन मंडल के ऑफिस का घेराव कर किया प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026 की परीक्षा रदद् होने पर सोमवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। पदाधिकारी-कार्यकर्तार्ओं ने व्यापमं चौराहा स्थित कर्मचारी चयन मंडल के ऑफिस का घेराव कर नारेबाजी की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। इसके बाद संयुक्त परीक्षा नियंत्रक दिनेश अग्रवाल को अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

**मप्र कर्मचारी चयन मंडल कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग**

## चिंतन

# एच-1 बी वीजा पर भारतीय पेशेवरों को मिली बड़ी राहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट के नाम पर व्यापार, आव्रजन और रोजगार से जुड़ी कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य विदेशी पेशेवरों और कंपनियों पर अंकुश लगाना था, लेकिन अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस लगाने वाली नीति को रद्द किया जाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत और संवैधानिक मर्यादाओं की जीत भी है। कोर्ट द्वारा पहले ट्रंप के टैरिफ को रद्द करना और अब एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 95 लाख) फीस वसूलने वाली नीति को रद्द करना न्यायपालिका की मजबूती दिखाता है। इस फैसले से भारतीय पेशेवरों को बड़ी राहत मिलेगी और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। वहीं, अमेरिकी कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच बनाए रखने में मदद मिलेगी। दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने सितंबर 2025 में घोषणा की थी कि जो अमेरिकी कंपनियां एच-1बी वीजा पर विदेशी पेशेवरों को नौकरी देंगी, उन्हें प्रति वीजा 1 लाख डॉलर की अतिरिक्त फीस देनी होगी। यह रकम इतनी अधिक थी कि अधिकांश कंपनियों के लिए विदेशी प्रतिभाओं को नियुक्त करना आर्थिक रूप से कठिन हो जाता। नतीजा यह होता कि हजारों कुशल पेशेवरों के लिए अमेरिका के रोजगार बाजार के दरवाजे लगभग बंद हो जाते। सबसे अधिक असर भारतीयों पर पड़ता, क्योंकि एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी भारत है। आंकड़ों के अनुसार, इस वीजा के लगभग 70 प्रतिशत धारक भारतीय हैं। इनमें बड़ी संख्या आईटी इंजीनियरों, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की है। अमेरिका की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रतिभा की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि अदालत का यह फैसला भारतीय युवाओं और पेशेवरों के लिए राहत की खबर बनकर आया है। इससे न केवल रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उन कंपनियों को भी फायदा होगा, जो वैश्विक प्रतिभाओं के दम पर नवाचार और विकास को आगे बढ़ाती हैं। आज की दुनिया में प्रतिस्पर्धा केवल देशों के बीच नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को आकर्षित करने की भी है। जो देश कुशल लोगों के लिए दरवाजे बंद करेगा, वह अंततः अपनी आर्थिक क्षमता को भी सीमित करेगा। ट्रम्प की नीति का मूल आधार यह तर्क था कि विदेशी कर्मचारियों के कारण अमेरिकी नागरिकों के रोजगार प्रभावित होते हैं, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। विदेशी पेशेवर न केवल कंपनियों की जरूरत पूरी करते हैं, बल्कि नए रोजगार और आर्थिक गतिविधियां भी पैदा करते हैं। यही वजह है कि अमेरिका की कई बड़ी कंपनियों ने भी एच-1बी कार्यक्रम को अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए आवश्यक बताया है। इस पूरे प्रकरण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू न्यायपालिका की भूमिका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी अदालतों ने कई बार कार्यपालिका के निर्णयों की समीक्षा करते हुए उन्हें संवैधानिक कसौटी पर परखा है। अदालतों ने यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। कोई भी सरकार, चाहे वह कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, संवैधानिक सीमाओं से ऊपर नहीं हो सकती। भारत के संदर्भ में भी यह फैसला एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिभा का मुक्त प्रवाह आधुनिक विकास का आधार बन चुका है। भारतीय युवाओं की तकनीकी दक्षता और वैश्विक मांग देश की सबसे बड़ी ताकतों में से एक है। ऐसे में एच-1बी व्यवस्था पर अनावश्यक प्रतिबंध न केवल भारतीयों, बल्कि अमेरिकी उद्योगों के हितों के भी खिलाफ होते।

## केंद्र के 12 वर्ष

नायब सिंह सैनी



# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा। इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

( लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास व वैश्विक नेतृत्व के 12 वर्ष



विचार

डॉ रमन सिंह

10 जून 2026 भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की विजय है।

मुझे आज भी वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का वह उद्घोष याद है जब उन्होंने कहा कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। 1984 में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास किया, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें भरोसा था कि यह संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा और फिर वर्ष 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक जनादेश ने उस विश्वास को साकार कर दिया। 26 मई 2014 को जब श्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्किराष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी जी द्वारा प्रारंभिक फैसलों में एक संकल्प था "स्वच्छ भारत अभियान"जिसे मैं मोदी जी की सबसे दूरदर्शी निर्णयों में से एक मानता हूँ।

15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए मुझे नरेंद्र भाई मोदी के साथ अनेक अवसरों पर काम करने और संवाद करने का अवसर मिला। मैंने उन्हें बहुत निकट से देखा है, एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुँचे मोदी जी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा के प्रतीक बन चुके हैं।

मुझे वह अवसर भी याद है जब छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रम में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई स्वयं उपस्थित हुए थे। उन्होंने तब भी कहा था कि गरीब का सम्मान और उसकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ही सुशासन का सबसे बड़ा आधार है। आज जब श्री मोदी जी के नेतृत्व में81 करोड़ से अधिक देशवासियों को निःशुल्क राशन मिल रहा है, तब उनकी वही संवेदनशील सोच राष्ट्रीय नीति का रूप ले चुकी है।

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 60 करोड़परिवारों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर प्राप्त हुए हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे पहुँची है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक आर्थिक सुधारों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीतियों का प्रतिफल है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। यह केवल विकास दर का विषय नहीं, बल्कि विश्व समुदाय द्वारा भारत और उसके नेतृत्व पर व्यक्त किए जा रहे बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।



प्रधानमंत्री मोदी जी की एक बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने आर्थिक विकास को केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहने दिया। उनके नेतृत्व में विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आंकलनों के अनुसार पिछले वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह उपलब्धि करोड़ों परिवारों के जीवन में आए उस सकारात्मक परिवर्तन की कहानी है, जहाँ सरकारी योजनाएँ कागजों से निकलकर लोगों के जीवन का हिस्सा बनीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से भी जोड़ा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, उज्जैन में महाकाल लोक का सृजन और चारधाम परियोजना जैसे कार्य केवल अधोसंरचना विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं।

वर्ष 2014 से पहले जब देश पर आतंकवादी हमले होते थे, तब देशवासी केंद्र सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते थे, लेकिन अक्सर उन्हें निराशा ही हाथ लगती थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सीमित प्रतिक्रियाओं तक ही दिखाई देता था लेकिन 2014 के बाद यह तस्वीर बदली तो इसका कारण सिर्फ मोदी जी की नीतियां हैं। कश्मीर को धारा 370 के जाल से निकालकर भारतीय संविधान की मर्यादा में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय श्री मोदी जी द्वारा असंभव को संभव करने का एक अद्भुत उदाहरण है। इसके साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक नीति ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। वहीं दशकों से भारत माता की पीड़ा बने नक्सलवाद को समूल नाश करने के लिए श्री मोदी जी के प्रभावी अभियानों ने 'नक्सल मुक्त भारत'के लक्ष्य को न सिर्फ साकार किया है बल्कि कभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी किया है।प्रधानमंत्री मोदी जी ने न केवल देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, बल्कि वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सैनिकों के त्याग और समर्पण का सम्मान करते हुए सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाकर यह संदेश दिया है कि देश की सुरक्षा में जुटा प्रत्येक जवान केवल सीमा का प्रहरी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

श्री मोदी जी ने अपने वादों को पूरा करते हुए देश का विश्वास जीता है, इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने केवल चुनावी सफलताएँ ही प्राप्त नहीं की हैं, बल्कि देश के राजनीतिक भूगोल को भी नई दिशा दी है। पिछले एक दशक में भाजपा का संगठनात्मक विस्तार अभूतपूर्व रहा है। आज देश के 22 राज्यों में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं,1700 से अधिक विधायक, लोकसभा में 240 सांसद और राज्यसभा में 113 सांसद करोड़ों देशवासियों के उस विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी राजनीति के प्रति निरंतर मजबूत हुआ है।

वास्तव में राजनीतिक सफलता का यह विस्तार प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का ही प्रतिबिंब है। यही विश्वास उन्हें आज भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने लगातार निर्वाचित कार्यकाल के 4399 दिन पूर्ण कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। यह उपलब्धि केवल किसी व्यक्ति या दल की विजय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भारत में जनता द्वारा बार-बार व्यक्त किए गए विश्वास की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है।

जब मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्षों के कार्यकाल को देखता हूँ, तो मुझे यह केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण का कालखंड दिखाई देता है। गरीब कल्याण से लेकर आर्थिक प्रगति तक, अधोसंरचना निर्माण से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण से लेकर वैश्विक नेतृत्व तकहर क्षेत्र में भारत ने नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया है।

एक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चौथे कार्यकाल के दौरान भारत विकसित राष्ट्र बनने की अपनी यात्रा को और अधिक गति देगा। देश की जनता ने पिछले वर्षों में जिस नेतृत्व, नीयत और परिणामों को देखा है, वह विश्वास आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत न केवल विश्व की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में शामिल होगा, बल्कि 21वीं सदी में मानवता को दिशा देने वाले राष्ट्र के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित करेगा।

*-अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा*
*पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़*

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित

**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## किंगफिशर



असम के नागांव जिले में मंगलवार को एक पेड़ की टहनी पर दो भूरे गले वाले किंगफिशर बैठे दिखे।

## आज की पाती


### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। *– मेघनाथ साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता


भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का 'हल्का विस्तार' किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।




## ट्रेंड

### दयनीय स्थिति

बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



### हिंदू व्यापारियों पर रेड

आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### दोषियों को संरक्षण

रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।
**- बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड



### गैर-जरूरी मुद्दे

एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?
**- तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## विदेश में आकर्षक नौकरी का झांसा देकर करते थे ठगी

# दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर गुलामी का जाल फैल रहा: सीबीआई ने मानव तस्करी के नेटवर्क के दो प्रमुख आरोपियों को धर- दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने भारतीय नागरिकों को विदेश में आकर्षक नौकरी का झांसा देकर दक्षिण-पूर्व एशिया के साइबर ठगी केंद्रों में भेजने वाले मानव तस्करी गिरोह के दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अनुसार यह गिरोह भारतीय युवाओं को उच्च वेतन वाली नौकरियों का लालच देकर म्यांमार और कंबोडिया स्थित तथाकथित ₹स्कैम कंपाउंड्स₹ तक पहुंचाता था, जहां उन्हें साइबर अपराधों में जबरन शामिल किया जाता था। सीबीआई जांच में सामने आया है कि यह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसमें एजेंट, सब-एजेंट और विदेशी संचालक शामिल हैं। ये लोग सोशल मीडिया, मैसेजिंग ऐप्स और निजी संपर्कों के माध्यम से युवाओं को विदेश में नौकरी के आकर्षक प्रस्ताव देते थे। नौकरी के नाम पर चयनित लोगों को थाईलैंड के रास्ते म्यांमार और कंबोडिया ले जाया जाता था, जहां पहुंचने के बाद उनकी वास्तविक स्थिति सामने आती थी।

**'साइबर स्लेवरी' के शिकार बन रहे थे भारतीय:** एजेंसी के अनुसार इन स्कैम कंपाउंड्स को अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध सिंडिकेट संचालित करते हैं। यहां पहुंचने के बाद भारतीय नागरिकों के पासपोर्ट जब्त कर लिए जाते थे और उनकी आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया जाता था। उन्हें दुनिया भर के लोगों को निशाना बनाकर ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल ठगी और अन्य साइबर अपराध करने के लिए मजबूर किया जाता था। कई पीड़ितों ने बताया कि काम करने से इनकार करने पर उन्हें शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ता था। कुछ मामलों में पीड़ितों के परिवारों से उनकी रिहाई के बदले भारी रकम भी वसूली गई।

**थाईलैंड के रास्ते म्यांमार पहुंचाए जाते थे युवक:** गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आरोपी स्कैम कंपाउंड संचालकों के लिए काम करता था। वह भारतीय नागरिकों को थाईलैंड के बैंकॉक तक पहुंचाने और वहां से माए सॉट ले जाकर अवैध रूप से थाईलैंड-म्यांमार सीमा पार कराने की व्यवस्था करता था। पीड़ितों को म्यांमार स्थित साइबर ठगी केंद्रों में भेज दिया जाता था। यह आरोपी लॉजिस्टिक नेटवर्क का संचालन करता था और पीड़ितों के आवागमन, ठहरने तथा सीमा पार कराने की जिम्मेदारी संभालता था।

**भारत में फैला था सब-एजेंटों का नेटवर्क**

दूसरा गिरफ्तार आरोपी पूरे नेटवर्क का महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। सीबीआई के अनुसार वह भारत में फैले सब-एजेंटों के नेटवर्क का संचालन करता था और युवाओं की भर्ती कराता था। जांच में यह भी सामने आया कि वह थाईलैंड-म्यांमार सीमा के निकट स्थित एक स्कैम कंपाउंड से अपना संचालन कर रहा था तथा उसे इन अवैध गतिविधियों के लिए क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से भुगतान प्राप्त होता था।

**पहले भी हुई थी कार्रवाई:** सीबीआई ने बताया कि इसी मामले में मई 2026 में चार राज्यों के 8स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई थी। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी लगातार इस अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी और साइबर अपराध नेटवर्क की जांच कर रही है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**सोशल मीडिया पर नौकरी के झांसे से सावधान रहने की सलाह:** विदेश में नौकरी के नाम पर सोशल मीडिया, वॉट्सएप, टेलीग्राम या अन्य अनौपचारिक माध्यमों से मिलने वाले प्रस्तावों पर आंख बंद कर भरोसा न करें। किसी भी विदेशी रोजगार अवसर की सत्यता संबंधित सरकारी एजेंसियों, दूतावासों या अधिकृत भर्ती एजेंसियों के माध्यम से अवश्य जांच लें। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ऐसे फर्जी प्रस्ताव न केवल आर्थिक नुकसान और शोषण का कारण बन सकते हैं, बल्कि व्यक्ति को गंभीर कानूनी, शारीरिक और मानसिक संकट में भी डाल सकते हैं।

**बढ़ता जा रहा है साइबर ठगी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क:** विशेषज्ञों के अनुसार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में हाल के वर्षों में ऐसे स्कैम कंपाउंड्स तेजी से बढ़े हैं। यहां एशिया, अफ्रीका और अन्य देशों के हजारों लोगों को नौकरी का लालच देकर लाया जाता है और बाद में साइबर ठगी के लिए मजबूर किया जाता है। भारतीय नागरिकों के ऐसे मामलों में फंसने की घटनाएं भी पिछले कुछ वर्षों में लगातार सामने आ रही हैं। सीबीआई की इस अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी और साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता है।

## सैलजा ने जल प्रबंधन में सरकार की विफलता पर उठाए सवाल, अधूरी तैयारियां बनेंगी आफत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली। सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार की जल संसाधन प्रबंधन संबंधी नीतियों और तैयारियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कई स्थानों पर पानी की आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित है। ऐसे समय में सरकार की लापरवाही और अधूरी तैयारियां आने वाले वर्षा ऋतु में जनता और किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की ओर से हर वर्ष यह दावा किया जाता है कि 30 जून तक सभी बाढ़ सुरक्षा एवं जल प्रबंधन संबंधी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। घग्गर नदी के तटबंधों को मजबूत करने, हिसार ड्रेन को घग्गर नदी से जोड़ने तथा वर्षा जल के वैज्ञानिक प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। सांसद ने कहा कि हिसार ड्रेन को घग्गर नदी से जोड़ने की परियोजना तीन वर्ष से अधिक समय से अधर में लटकी हुई है। यदि यह परियोजना समय पर पूरी कर ली जाती तो बरसात के दौरान अतिरिक्त पानी का बेहतर प्रबंधन संभव होता। इसी प्रकार घग्गर नदी के तटबंधों की मजबूती पर भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि सिरसा, फतेहाबाद और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में घग्गर नदी हर वर्ष बाढ़ और कटाव के कारण भारी नुकसान पहुंचाती है। कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की कि सभी लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, घग्गर नदी के तटबंधों को तुरंत मजबूत किया जाए तथा नहरों और ड्रेनों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाए, ताकि जनता को पेयजल संकट और किसानों को संभावित नुकसान से बचाया जा सके।

### हरियाणा नहीं ले पा रहा अपने हिस्से का पूरा पानी


सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाखड़ा मुख्य नहर और उससे जुड़ी शाखाओं की समय पर सफाई नहीं होने के कारण हरियाणा अपने हिस्से का पूरा पानी प्राप्त नहीं कर पा रहा है। कई स्थानों पर नहरों में झाड़ियां, घास-फूस और सिल्ट जमा होने से जल प्रवाह प्रभावित हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि नहरों की नियमित सफाई और रखरखाव नहीं होने से सिंचाई व्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है। इसका खामियाजा किसानों के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था को भी भुगतना पड़ता है।

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 2 साल पूरे होने पर कांग्रेस का हमला

### केंद्र के कामकाज का किया पोस्टमार्टम बुकलेट जारी

# बदहाल आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी और महंगाई समेत कई मुद्दे उठाए






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर आंकड़ों के साथ देश की बदहाल आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई समेत विभिन्न मुद्दों पर जोरदार हमला बोला है। साथ ही विभिन्न परीक्षाओं में सामने आ रही गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के रिसर्च विभाग के चेयरमैन प्रोफेसर राजीव गौड़ा और संचार विभाग में रिसर्च व निगरानी प्रभारी अमिताभ दुबे ने मोदी सरकार के कार्यकाल के दावों की पोल खोलते हुए 'प्रचार बनाम हिसाब' की एक बुकलेट भी जारी की।

कांग्रेस नेताओं ने परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों को लेकर सरकार को आ ड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में रिकॉर्ड 89 पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते 48 बार परीक्षाओं को दोबारा कराना पड़ा है। परीक्षाओं में गड़बड़ियों, सीबीएसई के ओएसएम सिस्टम और टेंडरिंग प्रक्रिया में बड़े घपले के मद्देनजर उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल पद से इस्तीफा दें। गौड़ा और दुबे ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापनों और सुर्खियां बटोरने वाले बयानों की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले सिलेंडरों की संख्या को नौ से घटाकर अब सिर्फ चार कर दिया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि यूपीए सरकार के समय जो गैस सिलेंडर 410 रुपए का था, वह आज मोदी सरकार में 942 रुपए का हो चुका है, यानी दाम में लगभग 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2014 से अब तक कीमत में बढ़ोतरी के आंकड़े पेश करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल के दाम लगभग 44 प्रतिशत, डीजल के 73 प्रतिशत, दूध के 71 प्रतिशत और दालों के 84 प्रतिशत बढ़ गए हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से खिसककर छठे स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि आज रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक है। उन्होंने सवाल किया कि यदि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, तो निवेशक देश छोड़कर क्यों भाग रहे हैं? कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2024 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का वादा किया था, वह देश की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन डॉलर से भी नीचे खिसक गई है।

उन्होंने कहा कि हालिया जीडीपी विकास दर भले ही 7.7 प्रतिशत बताई जा रही हो, लेकिन देश लगातार अपने वास्तविक आर्थिक लक्ष्यों से चूक रहा है। बेरोजगारी का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में रोजगार सृजन का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। आज दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में 40,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग बंद हो गए। हर घंटे एक किसान या कृषि मजदूर आत्महत्या कर रहा है। किसानों पर ऋण का बोझ बढ़कर 33.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

उन्होंने आगे कहा कि मणिपुर में सरकार शांति और सद्भाव की बहाली का दावा करती है, लेकिन वहां 60,000 से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं, 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और पिछले तीन साल से हिंसा लगातार जारी है। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रचार और वास्तविक स्थिति में भारी अंतर को सामने रखते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स रुके पड़े हैं और प्रदूषण संकट ने विकराल रूप ले लिया है। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक रेलवे ट्रैक नेटवर्क के दावों के विपरीत 2024 में रेलवे ट्रैक और परिसर में 22,400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। केवल दो प्रतिशत ट्रैक ही कवच प्रणाली से सुरक्षित किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,337 स्टेशनों में से सिर्फ 172 पूरे हो सके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूपीए सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए शुरू की गई मनरेगा जैसी आय की गारंटी देने वाली योजनाओं को मोदी सरकार ने कमजोर कर दिया उन्होंने कहा कि भाजपा राज्यों में वोट चोरी के माध्यम से सरकारें बना रही है और ऐसा इसलिए संभव हो रहा है, क्योंकि उसके द्वारा चुनाव आयोग में अपने पसंदीदा लोगों को बिठाया गया है।

विभिन्न राज्यों में एसआईआर के तहत साढ़े छह करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत के विश्वगुरु होने का दावा किया जा रहा है, जबकि असलियत यह है कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता खो चुका है। पश्चिम एशिया युद्ध के दौरान ईंधन को लेकर अन्य देशों पर उसकी निर्भरता उजागर हो गई है और उसे अमेरिका की शर्तें माननी पड़ रही हैं। इसके अलावा 2014 की तुलना में भारत का कुल व्यापार घाटा दोगुना हो गया है।

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास उनका मूल मंत्र: नवीन

# मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण भाजपा द्वारा प्रिंट मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा मंगलवार को प्रिंट मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा अध्यक्ष व सांसद नितिन नवीन ने नई दिल्ली में संवाद कार्यक्रम में राजग सरकार की उपलब्धियां विस्तार से गिनाईं। उन्होंने 2014 से पहले और उसके बाद आए बदलावों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि पहले भारत निराशा में डूबा हुआ था, जबकि आज विश्वास से भरा हुआ है। भाजपा अध्यक्ष ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को प्रधानमंत्री मोदी के सुशासन का मूल मंत्र बताते हुए याद दिलाया कि वैश्विक स्तर पर भारत की धाक बढ़ी है और 32 देशों ने पीएम मोदी को जो सम्मान दिया है, वह 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने गरीब कल्याण, बुनियादी ढांचे के अभूतपूर्व विकास, आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सेवा, सुशासन और जनभागीदारी को आधार बनाकर देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। मंगलवार को पीएम मोदी ने पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कालखंड को पार कर लिया है। इसे सुशासन का कालखंड बताते हुए भाजपा देशभर में लगातार कार्यक्रम कर रही है। भारत मंडपम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शामिल हुए। नवीन ने ही राजग सरकार की उपलब्धियों का गुणगान किया। नवीन ने दावा किया हर घर नल योजना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालय और उज्ज्वला योजना ने महिलाओं का जीवन बदल दिया। जो किसान खेती के लिए कर्ज लेते थे, उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि से संबल मिला। युवाओं को स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना आदि से आगे बढ़ने का अवसर मिला।

## 'विकसित भारत जी राम जी' पर अमल के संबंध में केंद्रीय मंत्री चौहान ने ली राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की बैठक

# 95,692 करोड़ रुपए का अंतरिम आवंटन राज्यों को जारी, पंचायतों को मिलेगा सीधा लाभ: शिवराज चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'विकसित भारत जी राम जी' पर अमल के संबंध में मंगलवार को राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि 1 जुलाई 2026 से लागू होने जा रही नई ऐतिहासिक व्यवस्था के तहत ट्रांजिशन पूरी तरह सुचारू, श्रमिक-केंद्रित और बिना किसी व्यवधान के होना चाहिए। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासामी भी शामिल हुए।

चौहान ने बैठक में कहा कि यह केवल एक योजना का परिवर्तन नहीं है, बल्कि करोड़ों मजदूरों के जीवन और आजीविका से जुड़ा विषय है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 'एक दिन भी कोई मजदूर बिना काम के न रहे' और रोजगार, मजदूरी भुगतान तथा वैधानिक अधिकारों की गारंटी में किसी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने पहले ही मनरेगा के तहत 30 हजार करोड़ रु. आवंटित कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त आज 95,692 करोड़ रु. का इंटरिम अलोकेशन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया गया।

**28-29 जून को दिल्ली में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन**

इस प्रकार कुल राशि 1.25 लाख करोड़ रु. से अधिक हो जाएगी। चौहान ने कहा कि यह राशि देश की लगभग 2.80 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी जिससे प्रत्येक पंचायत को लाखों रुपये का फंड उपलब्ध होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस धनराशि का उपयोग अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार चिन्हित विकास कार्यों में किया जाए जिससे रोजगार सृजन के साथ-साथ ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल धन उपलब्ध नहीं करा रही है, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि समय पर मजदूरी भुगतान हो, श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहें और विकास कार्यों में कोई व्यवधान न आए। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे पर्याप्त मात्रा में कार्यों को पूर्व स्वीकृति दें ताकि 1 जुलाई से ही काम तेजी से शुरू हो सके। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के माध्यम से ही कार्यों का चयन किया जाएगा और इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर कार्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि 1 जुलाई तक मनरेगा के तहत रोजगार और मजदूरी भुगतान में किसी प्रकार की कमी या व्यवधान न आए। बैठक के दौरान विभिन्न राज्यों के लिए इंटरिम अलोकेशन की घोषणा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह द्वारा की गई। आवंटन इस प्रकार हैं- आंध्र प्रदेश 7,707.21 करोड़ रु., अरुणाचल प्रदेश 560.70 करोड़ रु., असम 1,929.7 करोड़ रु., बिहार 6,715.83 करोड़ रु., छत्तीसगढ़ 3,354.85 करोड़ रु., गोवा 3.70 करोड़ रु., गुजरात 1,540.54 करोड़ रु., हरियाणा को 590.19 करोड़ रु., हिमाचल प्रदेश 1,203.28 करोड़ रु., झारखंड 2,705.64 करोड़ रु., कर्नाटक 5,709.9 करोड़ रु., केरल 3,136.44 करोड़ रु., मध्य प्रदेश 6,252.03 करोड़ रु., महाराष्ट्र 4,420.32 करोड़ रु., मणिपुर 581.99 करोड़ रु., मेघालय 1,155.09 करोड़ रु., मिजोरम 611.65 करोड़ रु., नागालैंड 287.85 करोड़ रु., ओडिशा 3,763.80 करोड़ रु. और पंजाब 1,331.61 करोड़ रु.।

इसी प्रकार राजस्थान के लिए 7,581.87 करोड़ रुपये, सिक्किम के लिए 97.57 करोड़ रुपये, तमिलनाडु के लिए 7,585.49 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 3,825.31 करोड़ रुपये, त्रिपुरा के लिए 1,041.7 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश के लिए 9,721.48 करोड़ रुपये, उत्तराखंड के लिए 626.43 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल के लिए 8,508.00 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है जिससे राज्यों को कुल 92,550.17 करोड़ रुपए मिलेंगे। केंद्र शासित प्रदेशों में पुडुचेरी को 40.56 करोड़ रुपए, जम्मू-कश्मीर को 1,151.2 करोड़ रुपए, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह को 4.44 करोड़ रुपए, लद्दाख को 85.98 करोड़ रुपए, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव को 9.02 करोड़ रुपए तथा लक्षद्वीप को 0.32 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जिससे यूटीज़ को कुल 1,291.32 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इस कुल प्रावधान के अलावा केंद्रीय प्रशासन और सोशल ऑडिट के लिए 1,850.62 करोड़ रु. रखे गए हैं जिससे इंटरिम अलोकेशन की कुल राशि 95,692.31 करोड़ रु. पर पहुंचती है। इससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। उन्होंने सभी राज्यों को 28 और 29 जून को दिल्ली के पूसा संस्थान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण दिया जहां इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## यात्रा का मुख्य पड़ाव होगा फ्रांस

# 13 से 19 तक फ्रांस, स्लोवाकिया की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

### 16 से 17 जून तक ईवान में जी-7 शिखर सम्मेलन

### पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात संभव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 19 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको ने आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि पीएम मोदी की इस दो देशों की विदेश यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव फ्रांस होगा। जहां पर वह दो भागों में अपनी यात्रा को पूरा करेंगे। 14 जून को नीस में प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होगी।

इसमें दोनों शीर्ष नेता भारत, फ्रांस की द्विपक्षीय साझेदारी से जुड़े हुए सभी जरूरी पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और राज्यमंत्री चौधरी व विभाग ने राधाकृष्णन से भेंट की

# जल संरक्षण और नदी जोड़ो परियोजनाओं पर मंत्री के दी उपराष्ट्रपति को विस्तृत जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी तथा जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति भवन में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर देशभर में जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि 'जल संचय जन भागीदारी 2.0' के तहत देशभर में अब तक 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण संरचनाओं की सूचना दर्ज की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है। उपराष्ट्रपति ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना भविष्य की जल सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में देश की प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपराष्ट्रपति को केन-बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना तथा गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना की वर्तमान स्थिति और भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि नदियों को आपस में जोड़ने की अवधारणा देश में जल संकट से निपटने, सूखे की समस्या को कम करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने और क्षेत्रीय विकास में संतुलन स्थापित करने की दिशा में परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि केन-बेतवा जैसी राष्ट्रीय महत्व की जल अवसंरचना परियोजनाओं का व्यापक दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए।

इसके लिए वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री), अभिलेखीय रिकॉर्ड और अन्य माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन ऐतिहासिक राष्ट्रनिर्माण परियोजनाओं को समझ सकें और उन पर गर्व कर सकें। नदी जोड़ो अभियान के समर्थन में अपनी पूर्व पदयात्रा को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौती नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार मानसिकता, राजनीतिक मतभेद और समन्वय की कमी जैसी बाधाएं परियोजनाओं की प्रगति को प्रभावित करती हैं। उन्होंने जल प्रबंधन के क्षेत्र में दूरदर्शी सोच और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। बैठक के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने उपराष्ट्रपति को सितंबर 2026 में आयोजित होने वाले इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह आयोजन जल संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीकों और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन और जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बीच केंद्र सरकार की जल संरक्षण और नदी जोड़ो परियोजनाएं देश की दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### एलएंडटी लगा रही डिजिटल कर्मचारियों पर बड़ा दांव

**मुंबई।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अपनी निर्माण गतिविधियों के विस्तार के लिए स्वचालन, रोबोटिक्स और प्रौद्योगिकी आधारित समाधान पर बड़ा दांव लगा रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी का मानना है कि केवल श्रमबल बढ़ाकर वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना संभव नहीं होगा। एलएंडटी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आर. शंकर रमण ने 'आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज इंडिया इन्वेस्टर्स कॉन्फ्रेंस-2026' में कहा, ''पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान कंपनी ने निर्माण क्षेत्र में अभूतपूर्व स्तर तक स्वचालन को बढ़ावा देने का काम किया है।

### नेपाल ने भारत से आम आयात पर लगाया अंकुश

**काठमांडू।** नेपाल ने कथित रूप से अत्यधिक कीटनाशक पाए जाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में 'क्वारंटीन' सुविधाओं के अभाव का हवाला देते हुए भारत से किए जाने वाले आम के आयात पर अंकुश लगा दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस रोक के चलते नेपाल के स्थानीय बाजारों में घरेलू स्तर पर उत्पादित आम की उपलब्धता बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में आम की मांग आमतौर पर काफी अधिक रहती है।

### रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 95.36 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिका-ईरान तनाव कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें और डॉलर सूचकांक में नरमी के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे मजबूत होकर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच तनाव में नरमी के संकेतों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संभावित हस्तक्षेप, सकारात्मक घरेलू बाजार और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.47 पर खुला।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट का सामना करना पड़ रहा

# आर्थिक वृद्धि की गति बरकरार, अतिरिक्त कर्ज लेने की कोई जरूरत नहीं: सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से बाहरी मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन घरेलू खपत बरकरार रहने से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही।

■ ईंधन और उर्वरक का आयात बिल बढ़ने से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

सूत्रों ने कहा कि कि वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में वैश्विक अर्थव्यवस्था में शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखा गया था और सरकार को फिलहाल अतिरिक्त कर्ज लेने या संसद के आगामी मानसून सत्र में पूरक अनुदान मांग लाने की जरूरत नहीं है। राजकोषीय घाटा अब भी बजट लक्ष्य के अनुरूप जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर बरकरार है।

**विनिवेश व संपत्तियां बाजार पर चढ़ाई जा रही :** सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में विनिवेश और संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने जैसे गैर-कर राजस्व के स्रोतों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही है। सूत्र ने कहा, निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) और सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के पास विनिवेश और संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने के लिए साल भर की योजना और मध्यम अवधि का परिदृश्य है।



### बजट में तय 80,000 करोड़ का आंकड़ा पार हो जाएगा

मुझे उम्मीद है कि इस मद में बजट में तय 80,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हो जाएगा और दोनों विभाग इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईडीबीआई बैंक का विनिवेश भी होगा। सरकार अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़े और मानसून पर अल-नीनो के असर की जानकारी मिलने के बाद जुलाई में वृहद आर्थिक आंकड़ों का फिर से आकलन करेगी।

### विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं

सूत्रों ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में दिखी वृद्धि की रफ्तार 2026-27 की पहली तिमाही में भी जारी है। साथ ही अब तक विदेश से भेजी जाने वाली राशि पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा है। जीएसटी के आंकड़े अच्छे हैं, महत्वपूर्ण आंकड़ें (निर्यात, बिजली खपत आदि) भी सकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

### निजी निवेश में भी तेजी आ रही

उद्योग मंडल सीआईआई के आंकड़ों के अनुसार निजी निवेश में भी तेजी आ रही है। सूत्रों ने कहा कि सुधारों का सिलसिला जारी रहेगा और अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़ाने के लिए और उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूंजी निकासी पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

### सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग

सूत्रों ने बताया कि दुनिया भर में उर्वरक की कीमतें बढ़ने के कारण, उर्वरक मंत्रालय ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए सब्सिडी में 100 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की है। बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 1.77 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी का अनुमान लगाया गया था। इसके अलावा, पश्चिम एशिया संकट के बाद से 78 दिनों तक पेट्रोल पंप पर कीमतें स्थिर रखने के लिए सरकार ने कंपनियों को मदद दी है।

### कंपनियों को हर दिन 650 करोड़ रुपये का नुकसान

पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने इसके बाद धीरे-धीरे पेट्रोल पंप पर कीमतें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। हालांकि, वैश्विक कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों के मुकाबले कम दाम पर ईंधन बेचने की वजह से उन्हें अभी भी हर दिन 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

## इगनो भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी बनी, एम एससी क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम शुरू किया

**नई दिल्ली।** इगनो ने मास्टर ऑफ़ साइंस क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम शुरू करके भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी बनने का एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। यह हमारे समय की सबसे ज़रूरी ग्लोबल चुनौतियों में से एक से निपटने की दिशा में एक अहम कदम है। क्लाइमेट चेंज दुनिया भर में इकोसिस्टम, अर्थव्यवस्थाओं और इंसानी भलाई पर तेज़ी से असर डाल रहा है। सस्टेनेबल और मज़बूत समाधान विकसित करने में सक्षम ट्रेंड प्रोफेशनल्स की तत्काल ज़रूरत को समझते हुए, इगनो ने यह नया मल्टी-डिसिप्लिनरी प्रोग्राम डिज़ाइन किया है। इसका मकसद सीखने वालों को क्लाइमेट साइंस, क्लाइमेट रिस्क, अनुकूलन और शमन रणनीतियों, पर्यावरण गवर्नेंस और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की पूरी समझ देना है। यह प्रोग्राम क्लाइमेट चेंज और जल संसाधन, ऊर्जा प्रणालियाँ, कृषि, आपदा जोखिम में कमी, जैव विविधता, कचरा प्रबंधन, सर्कुलर इकोनॉमी, स्वास्थ्य, इकोसिस्टम बहाली, पर्यावरण कानून, गवर्नेंस और क्लाइमेट असेसमेंट टूल्स जैसे अहम विषयों पर जानकारी देता है। यह सीखने वालों को असल दुनिया की क्लाइमेट चुनौतियों से निपटने और राष्ट्रीय व ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों में योगदान करने के लिए ज़रूरी ज्ञान और कौशल से लैस करता है। इस प्रोग्राम का संचालन डॉ. वी. वेंकटरामनन और प्रो. शची शाह कर रहे हैं। जिनके पास पर्यावरण, सस्टेनेबिलिटी और क्लाइमेट चेंज स्टडीज़ के क्षेत्रों में व्यापक एकेडमिक और रिसर्च अनुभव है।

## सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कटरा-हरिद्वार विशेष ट्रेन का संचालन

**जम्मू।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा से हरिद्वार के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन संख्या 04606/04605 श्री माता वैष्णोदेवी कटरा - हरिद्वार - श्री माता वैष्णोदेवी कटरा के रूप में संचालित की जाएगी। ट्रेन संख्या 04606 कटरा से 14 जून 2026, रविवार को शाम 18:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 06:30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04605 हरिद्वार से 15 जून 2026, सोमवार को शाम 17:20 बजे चलकर अगले दिन सुबह 07:00 बजे कटरा पहुंचेगी। इस ट्रेन का केवल एक फेरा संचालित होगा। यह पूरी तरह आरक्षित विशेष ट्रेन होगी। ट्रेन में कुल 16 कोच लगाए जाएंगे जिसमें स्लीपर, जनरल, एसी 3-टियर और एसी 2-टियर कोच शामिल हैं। मार्ग में शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर एवं रूड़की सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जम्मू श्री उचित सिंघल ने कहा कि सोमवती अमावस्या पर माता वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि देखी जाती है। यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे तत्काल आरक्षण कराएं और केवल वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें। टिकटों की उपलब्धता और आरक्षण की स्थिति के लिए यात्री 139 पर संपर्क कर सकते हैं। उत्तर रेलवे ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे यात्रा से पूर्व आरक्षण अवश्य करा लें और स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखें। सोमवती अमावस्या पर दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

## कमजोर डॉलर की वजह से सोना 1,500 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ल

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर डॉलर और धारणा में सुधार के कारण सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की मजबूती देखी गई और यह फिर से 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार पहुंच गया। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 1,500 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। यह बढ़त तब हुई जब वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें कम थीं। जानकारों का मानना है कि घरेलू कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और निवेशकों की नई दिलचस्पी के कारण आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिसे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कमजोर डॉलर व बॉन्ड प्रतिफल में आई गिरावट से सहारा मिला।

■ सोना फिर से बढ़कर 1.60 लाख रुपये प्रति दस ग्राम

### सीजफायर से बाजार का मुड सुधरा

हालांकि, चांदी की कीमतें 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। उन्होंने कहा कि ईरान और इजराइल के एक-दूसरे पर हमले रोकने पर सहमत होने के बाद बाजार का मूड सुधरा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से औपचारिक युद्धविराम की दिशा में प्रगति के संकेत मिले।

## पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई और दोनों मानक सूचकांक चढ़कर बंद हुए। इजराइल एवं ईरान के बीच तनाव कम होने और दुनिया के अन्य शेयर बाजारों में तेजी से सेंसक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक की बढ़त में रहा।

■ सेंसक्स 394 और निफ्टी 119 अंक चढ़ा

विश्लेषकों ने कहा कि बैंक शेयरों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 394.50 अंक बढ़कर 73,918.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 511.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 119.10 अंक बढ़कर 23,242.10 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाइटन, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और टेक महिंद्रा शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर ने कहा, ''इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और जोखिम वाली संपत्ति में सुधार हुआ, जिससे भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''

### मिडकैप और स्मालकैप में रही तेजी

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.50 प्रतिशत उछल गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.33 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक में 83 प्रतिशत, बैंकिंग सूचकांक में 2.18 प्रतिशत, सेवा खंड में दो प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

## 175 रेलवे स्टेशनों पर महिलाओं की स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कदम उठाए

**नई दिल्ली।** विश्व की सबसे बड़ी दूरसंचार अवसंरचना कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स ने उत्तर रेलवे के साथ साझेदारी में अपने सीएसआर कार्यक्रम, नारी सम्मान के तहत 500 सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित की हैं। दिल्ली, फिरोजपुर, अंबाला, मुरादाबाद और लखनऊ डिवीजनों के 175 रेलवे स्टेशनों पर स्थापित ये मशीनें आईओटी- सक्षम निगरानी प्रणाली से लैस हैं और अब तक लगभग 3 करोड़ सैनिटरी नैपकिन वितरित कर चुकी हैं। इस पहल से महिला यात्रियों के लिए सैनिटरी नैपकिन की चौबीसों घंटे उपलब्धता और मुफ्त पहुंच सुनिश्चित होती है। नारी सम्मान कार्यक्रम इंडस टावर्स की प्रमुख सीएसआर पहल, प्रगति के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाता है, जो जागरूकता, पहुंच और सामुदायिक सहयोग का एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता योजना (एमएचएस) के माध्यम से मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच में सुधार लाने के प्रयासों के अनुरूप है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और लैंगिक रूप से संवेदनशील सार्वजनिक अवसंरचना से संबंधित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सुदृढ़ करता है।

## मारुति की छोटी कारों के लिए कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को अपनी छोटी कारों के लिए 'कीमत सुरक्षा योजना' की घोषणा की है। इस योजना के तहत ऑल्टो के10, एस-प्रेसो, सेलेरियो और वैगनआर जैसे मॉडल की कीमतों को सुरक्षित किया गया है, जिससे ग्राहकों को संभावित मूल्य वृद्धि का असर नहीं झेलना पड़ेगा। मारुति सुजुकी ने इस महीने से सभी मॉडल पर कीमतों में 30,000 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा मई में की थी। अब कीमत सुरक्षा योजना के तहत कंपनी ने कहा कि उसकी छोटी कार की कीमतें 14 जून, 2026 तक की गई सभी बुकिंग के लिए अपरिवर्तित रहेंगी। मारुति सुजुकी इंडिया के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, हमारे चैनल भागीदारों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, हमने यह कीमत सुरक्षा योजना की घोषणा की है। उनका अनुरोध सीधा था: जो ग्राहक कार खरीदने का साहस दिखा रहे हैं, उन्हें कीमत में बढ़ोतरी के बाद पीछे न हटना पड़े। इसलिए, हम छोटे कार खरीदारों के लिए इस योजना पर निर्णय लिया। अगर आप बुकिंग करते हैं, तो हम आपको कुछ राहत देंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-20-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रमांक :** 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम :** NER-BSB0SnT-OT-20-2026 **कार्य का नाम :** वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर Rail Net के लिए GPON-आधारित नेटवर्क की व्यवस्था, **अनुमानित लागतः** ₹ 3,91,51,166.48, **बयाना की राशि :** ₹ 7,83,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** ₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 180 दिन, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 29.06.2026 को 15:00 बजे।

**1.** ई-निविदा दिनांक 29.06.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-51 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**PUBLIC NOTICE**

I, ARUN SEHGAL S/o SHRI CHANDER PARKASH, R/o 17, KIRAN VIHAR, DELHI-110092 do hereby solemnly affirm and inform That my father Shri Chander Parkash Sehgal executed a WILL on dated 08.07.2018, and bequeathed his Immovable property and Assets as given below:-Immovable Freehold Property bearing No.17, Situated at Kiran Vihar, Delhi-110092 and bequeathed the same in favour of following beneficiaries:1/3rd Share in favour of Brig. Arun Sehgal (Elder Son) 1/3rd Share in favour of Mr. Ajay Sehgal (Younger Son)1/3rd Share in favour of Mr. Akshay Sehgal and Mr. Abhishek Sehgal equally Both sons of Brig. Arun Sehgal. My father Late Sh. Chander Parkash Sehgal expired on 19.07.2025 (Death Certificate No. MCDOLIR-022501260721573367). Now I wish to register the above said WILL after death on the basis of Two marginal Witnesses in the office of Sub-Registrar VIII Geeta Colony (East District) Delhi. I have produced the aforesaid Will before Sub-Registrar VIII Geeta Colony, Delhi for registration.If any person have any objection, claim, litigation in respect of aforesaid WILL then same can be file an objection in Sub-Registrar VIII Geeta Colony East District Delhi and/or before me i.e. Shri Arun Sehgal #17, Kiran Vihar, Delhi-110092 within 03 days from today.

Arun Sehgal

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## यूको बैंक द्वारा रिटेल, एमएसएमई, रिसोर्स एवं एग्री कार्निवाल का आयोजन



**नई दिल्ली।** यूको बैंक अंचल कार्यालय नई दिल्ली द्वारा रिटेल, एमएसएमई, रिसोर्स एवं एग्री कार्निवाल का आयोजन साहिबाबाद, गाजियाबाद में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र कुमार साबू ने की। इस अवसर पर अनेक ग्राहकों, उद्यमियों एवं व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस कार्निवाल का उद्देश्य ग्राहकों एवं उद्यमियों को बैंक की विभिन्न रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि संबंधी वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं तथा बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनके व्यवसायिक विकास एवं वित्तीय आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त समाधान उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर अंचल कार्यालय दिल्ली के अधिकारीगण एवं विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। इस कार्निवल में साहिबाबाद औद्योगिक संगठन के उच्चाधिकारियों श्री अशोक चौधरी, श्री संजीव त्यागी द्वारा एवं जिला उद्योग केंद्र से श्री विकास यादव द्वारा भी सहभागिता की गई कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र कुमार साबू, कार्यपालक निदेशक, श्री गौतम पात्र, मुख्य महाप्रबंधक एवं श्री राजेश कुमार तिवारी, अंचल प्रमुख, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

## जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में अखिल भारतीय बालिका अभियान हिमट्रेक 2026 का आयोजन



**वाकनाघाट।** एनएएसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआई टी), वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश में 5 से 12 जून 2026 तक अखिल भारतीय बालिका अभियान (हिमट्रेक) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के अभियान में देशभर से आई 510 एनसीसी बालिका कैडेट्स भाग ले रही हैं, जो साहसिक गतिविधियों, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राष्ट्रीय एकता को समर्पित एक सप्ताह के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस अभियान का आयोजन 1 एचपी (जी) बटालियन एनसीसी, सोलन द्वारा शिमला ग्रुप, पीएचएचपी एंड सी निदेशालय के अंतर्गत किया जा रहा है। अपनी विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाओं, आवासीय व्यवस्था तथा हिमालय की रमणीय वादियों में स्थित सुंदर परिसर के कारण जेयूआई टी इस प्रकार के बड़े युवा नेतृत्व एवं साहसिक कार्यक्रमों के लिए एक आदर्श स्थल प्रदान करता है। अभियान में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर तथा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालयों के कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर का संचालन अधिकारियों, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों, गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर्स , जूनयर कमीशंड अधिकारियों तथा नॉन-कमीशंड अधिकारियों की समर्पित टीम द्वारा किया जा रहा है। जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक अग्रणी बहुविषयक विश्वविद्यालय है, जो अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यक्रमों, उच्चस्तरीय अनुसंधान, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तथा उद्योगोन्मुख शिक्षा के लिए जाना जाता है।

**उत्तर रेलवे**

**रेल कोच नवीनीकरण, सोनीपत (निविदा सूचना)**


भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यालय रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सख्या | 17-RCNK-OPN-TELE-2026 |
| 2 | कार्य का नाम ओर कार्य स्थानः रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत में दूरसंचार अवसंरचना एवं सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के लिए संचालन एवं आवधिक अनुरक्षण सेवाएँ – 02 वर्ष के लिए (कार्य क्षेत्र के अनुसार) | |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 4231462.64 जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | बयाना राशि | रू. 84700–00/– |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने से 24 माह (दो वर्ष) तक |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समयः दिनाक 01.07.2026 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 15:30 बजे। | |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइटः उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in | |
| 9 | यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 17-RCNK-OPN-TELE-2026 दिनांक: As Signed 1971/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6252




**बाएँ से दाएं**


1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 6251 का हल





# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच




एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

1994: पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।

वहीं 2026 में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

1994 : पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।
2026: तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

1994 : विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।
वहीं 2026 में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

#### मैदानों का आकार

1994: उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।
2026: सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

1994: विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।
2026: मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

1994: गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।
2026: प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाडी

1994: एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।
2026: प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी। आखिरी दो मैच बारिश की भेंट चढ़ने से श्रीलंका ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। दोनों टीम के बीच अब तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को किंग्सटन में होगा।

### सोमालिया के रैफरी को नहीं मिली यूएसए में एंट्री

**मियामी।** अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया के रैफरी उमर अर्टन फीफा विश्व कप में अधिकारी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने बताया कि सोमालिया के एक नागरिक को शनिवार को इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। इस व्यक्ति को विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभानी थी। हालांकि सीबीपी ने अपने बयान में उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया लेकिन अर्टन विश्व कप में सोमालिया से एकमात्र रैफरी हैं। फीफा ने बाद में पुष्टि की कि अर्टन विश्व कप में ट्रेनिंग और रैफरी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था ने कहा, 'फीफा मेजबान देश की आव्रजन प्रक्रियाओं में शामिल नहीं होता, जिसमें वीजा से जुड़े फैसले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने हमें बताया है कि अर्टन की स्थिति में अभी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।'

### प्रज्ञानानंदा की वापसी से ले सकते हैं प्रेरणा : आनंद



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, 'मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं।' आनंद ने कहा, 'प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है।

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुर्यांश शेड्गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत की टॉप-10 में वापसी अमेलिया नंबर-1 ऑलराउंडर



एजेंसी ▶▶| दुबई

*आईसीसी महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर ने टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक बार फिर शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। अमेलिया टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले ही टॉप पोजीशन पर लौटी हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। वहीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शीर्ष 10 में वापसी की है।*

### टॉप-10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। टॉपटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद कौर ने टॉप 10 में वापसी की है। टॉप-10 में अब तीन भारतीय खिलाड़ी हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 5वें जबकि शेफाली वर्मा बैटिंग रैंकिंग में 7वें नंबर पर काबिज हैं।*

### इंग्लैंड की खिलाड़ियों को फायदा

*सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड की खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। एलिस कैप्सी, जो सीरीज के निर्णायक मैच में 82 रनों की शानदार पारी खेलकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनी थीं, टी20 बल्लेबाजों की लिस्ट में 13 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गई हैं। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई हैं।*

# इंग्लैंड के कप्तान पर मंडराया टीम से बाहर होने का खतरा

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ी गस एटकिंसन पर टीम के नियम तोड़ने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड पर जीत का जश्न मनाने के दौरान ये दोनों खिलाड़ी तड़के एक घटना में शामिल थे। ईसीबी के अनुसार, 'सोमवार तड़के बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन एक नाइटक्लब में मौजूद थे, तभी एक घटना हुई।'

बयान के मुताबिक, 'हम अभी और जानकारी जुटा रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा सही समय पर की जाएगी।' ऑस्ट्रेलिया



के शर्मनाक एशेज दौरे के बाद जनवरी में इंग्लैंड की टीम पर फिर से कर्फ्यू लगाया गया था, जहां इंग्लैंड पर अधिक शराब पीने और गैरपेशेवर व्यवहार के आरोप लगे थे। एशेज के बाद इंग्लैंड ने अपने पहले टेस्ट में रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 17 जून से ओवल में खेला जाएगा।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरा : टी20 सीरीज से सिराज बाहर, कृष्णा को मौका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई ने बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने इस कदम को 'एहतियाती उपाय' बताया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 2 और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने



कहा, 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।' 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद सिराज को उनके काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम करने की सलाह दी गई है।' बीसीसीआई ने कहा, 'यह फैसला एहतियाती उपाय के तौर पर लिया गया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले उन्हें ठीक होने का पूरा समय मिल सके। पुरुष चयन समिति ने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सिराज की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है।'

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : अब चीन के हू झे आन से होगा मुकाबला

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालिफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




फैसले से अमेरिका में प्रवासी भारतीयों के समूहों के बीच दौड़ी खुशी की लहर

# एच1बी वीजा को लेकर नहीं लगेगी 1 लाख डॉलर की फीस, अदालत ने रद्द किया ट्रंप का निर्णय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल 2025 में एच1बी वीजा की फीस को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपए) करने के फैसले को अमेरिका की बोस्टन स्थित एक अदालत ने रद्द कर दिया है। न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि अमेरिका के



संविधान के तहत किसी भी तरह का कोई कर लगाने या आव्रजन नीतियों को तय करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के पास है। राष्ट्रपति इसे लेकर स्वयं कोई निर्णय नहीं कर सकते हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप या उनके प्रशासन द्वारा की गई यह फीस बढ़ोतरी गैर कानूनी है और इसे रद्द किया जाता है। अदालत का यह फैसला विपक्ष के 20 डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा ट्रंप के फीस बढ़ाने के फैसले को चुनौती देने को लेकर लगाई गई याचिका के जवाब में आया है। पूर्व में एच1बी वीजा के लिए आवेदकों को 2 से 5 डॉलर तक की धनराशि (1 से 4.2 लाख रुपए तक) का भुगतान करना पड़ता था।

## एच1बी वीजा के 71% लाभार्थी भारतीय

अमेरिका हर साल एच1बी वीजा कार्यक्रम के तहत कुल 65 हजार वीजा जारी करता है। जिसमें उच्च-डिग्री वाले कर्मियों के लिए तय किए गए 22 हजार अतिरिक्त वीजा भी शामिल हैं। वीजा की अवधि 3 से 6 साल तक की रहती है। जो कंपनियां इन कर्मियों की नियुक्ति करती हैं, उन्हें 2 से 5 हजार डॉलर तक की फीस का भुगतान प्रशासन को करना पड़ता है। यहां बता दें कि दुनिया में एच1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल भारतीयों द्वारा किया जाता है। ऐसे में इस वीजा के 71% लाभार्थी भारत के लोग हैं। इसके बाद चीन और दुनिया के बाकी देशों का नंबर आता है। ऐसे में अदालत का यह फैसला वीजा के लिए बड़ी तादाद में आवेदन करने वाले देश के लोगों लिए राहत की बड़ी खबर लेकर आया है। बताते चलें कि अमेरिकी प्रशासन ने पहले कहा था कि यह बढ़ी हुई फीस केवल नए आवेदकों से साल में एक बार ली जाएगी। पुराने वीजा धारकों और वीजा नवीनीकरण कराने वाले लोगों पर यह फैसला लागू नहीं होगा।

***कोर्ट ने कहा, अमेरिकी संसद की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति को फीस बढ़ोतरी का अधिकार नहीं***

## प्रवासी भारतीयों के समूह ने किया स्वागत

वहीं, अदालत के इस निर्णय का अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों के समर्थक समूहों ने स्वागत करते हुए कहा है कि इससे अमेरिका की नवाचार और आंत्रप्रेन्योरशिप में बनी हुई प्रतिद्वंदिता बरकरार रहेगी। साथ ही रोजगार आधारित प्रवासन प्रक्रिया में पूर्वानुमेयता और पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा (एफआईआईडीएस) के पॉलिसी एंड स्ट्रेटेजी के प्रमुख के.कंड ने कहा कि कोर्ट के इस आदेश के बाद एच1बी वीजा से जुड़े हुए सभी भागीदारों ने राहत की सांस ली है। अदालत का ये फैसला अमेरिका की नवाचार, आंत्रप्रेन्योरशिप, शोध को लेकर बनी हुई प्रतिद्वंदिता को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी था, यह इसे संरक्षित भी करता है। इंडियासपोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने कहा कि सभी हितधारकों को अदालत के इस निर्णय से काफी राहत मिली है। लेकिन यहां ध्यान देने वाली एक बात यह है कि इस निर्णय के साथ यह मामला पूरी तरह से हकीकत में तब्दील हो जाए। अमेरिका की तकनीक, स्वास्थ्य देखभाल और उन्नत मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में लगातार विकास को बनाए रखने के लिए उच्च-डिग्री वाले प्रतिभावान कर्मियों की पहुंच को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। अदालत के इस निर्णय ने इस सिद्धांत को पुनः स्थापित कर दिया है कि देश में कोई भी बड़ा नीतिगत बदलाव संवैधानिक संस्थाओं की मंजूरी के बिना लागू नहीं किया जा सकता है यानी वह आर्थिक रूप से वास्तविकता नहीं बन सकता है। **प्रशासन कर सकता है जोर आजमाइश:** कंड के मुताबिक, एफआईआईडीएस यह विश्वास करता है कि एक संतुलित और मेरिट आधारित प्रवासन फ्रेमवर्क को अमेरिका में मजबूती प्रदान की जाएगी। जिसमें अमेरिकी व्यापार और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था भी शामिल है। जोशीपुरा ने सावधान करते हुए कहा कि अमेरिका के प्रशासन द्वारा एच1बी वीजा धारकों के लिए अभी भी कुछ रोड़े अटकाए जा सकते हैं। जो एक प्रकार से बीते कुछ वक्त से प्रशासन और अदालत के बीच मामले को लेकर चल रही खींचतान को प्रदर्शित करता है।

ओमान की नौसेना ने चलाया राहत अभियान, हेलीकॉप्टर से सुरक्षित बचाए गए 24 भारतीय

# प्रतिबंधित जहाज था 'एमटी मारिवेक्स', तीन चेतावनियों के बाद अमेरिका ने किया मिसाइल हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओमान के तट के पास लंगर डाले हुए पलाऊ के ध्वज वाले 'एमटी मारिवेक्स' जहाज पर मिसाइल हमला अमेरिका की नौसेना ने किया था। यह पूरा घटनाक्रम बीते लगभग चार दिनों के दरमियान घटा



है। जिसमें अमेरिकी समुद्री बल ने जहाज के कैप्टन को पहले शुरुआती तीन दिन तक रोजाना इलाके से पीछे हटने की चेतावनी भरे संदेश भेजे थे। लेकिन वो नहीं माने, सभी संदेशों को उन्होंने अनसुना कर दिया और युद्ध के इस बेहद तनावपूर्ण माहौल के बीच अपनी उपस्थिति को तट पर ही बनाए रखा। जिसके बाद चौथे दिन यानी बीते सोमवार को अमेरिका ने जहाज पर हमला कर उसे जबरन पीछे धकेल दिया। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। मालूम हो कि हमले की यह घटना सामने आने के बाद कुछ मीडिया रिपोर्ट में इसके पीछे अमेरिका की नौसेना का हाथ होने की बात कही जा रही थी। लेकिन अब इस संबंध में सूत्रों ने पुष्टि कर दी है।

## भारतीय नाविकों का आंकड़ा 2.50 लाख

सूत्रों ने यह भी कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा नाविक फिलीपींस के हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर भारत का नंबर आता है। हमारे कुल करीब ढाई लाख नाविक वर्तमान में विदेशों (खाड़ी क्षेत्र शामिल) में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमटी मारिवेक्स एक प्रतिबंधित जहाज था। ऐसे में इसकी गतिविधियों को लेकर कुछ भी स्पष्टता के साथ नहीं कहा जा सकता है। हालांकि अमेरिका की नौसेना द्वारा किए गए इस हमले के दौरान जहाज पर चालक दल में कुल 24 भारतीय भी शामिल थे। जो फिलहाल पूरी तरह से सुरक्षित हैं, किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमले के तुरंत बाद भारत द्वारा चलाए गए कूटनीतिक और सैन्य संवाद की मदद के बाद ओमान की नौसेना सामने आई और उसने अपने हेलीकॉप्टरों की मदद से अभियान चलाकर सभी भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया है। यह अभी फिलहाल ओमान में ही हैं। लेकिन जल्द ही इनकी स्वदेश वापसी होगी।

***भारत ने जताया ओमान की सरकार के प्रति आभार***

## भारतीयों के संपर्क में दूतावास

वहीं, 9 जून को हुई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर हरिभूमि के एक प्रश्न के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, एमटी मारिवेक्स को ओमान तट से दूर अक्षम कर दिया गया था। हमें मिली जानकारी के मुताबिक, यह एक पलाऊ ध्वज वाला जहाज है। हमले की घटना से पहले जहाज और अमेरिका की नौसेना के बीच कुछ संचार हुआ था। जहाज पर चालक दल के 24 सदस्य भारतीय थे, जो कि सुरक्षित हैं। सभी को बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे दूतावास के अधिकारियों ने ओमान के अधिकारियों से संपर्क किया था। जिसके बाद हुई तुरंत कार्रवाई के लिए भारत ओमान की सरकार का धन्यवाद करता है। ओमान में भारत का दूतावास भारतीयों के संपर्क में बना हुआ है।

## तटरक्षकबल का पक्ष

भारतीय तटरक्षकबल ने एक बयान में कहा कि बल के मुंबई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को 8 जून को दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर एमटी मारिवेक्स जहाज पर मिसाइल हमले की सूचना मिली थी। टैंकर में 24 भारतीय सवार थे। जिसके बाद केंद्र ने ओमान के समुद्री खोज, बचाव केंद्र और अन्य हितधारकों से संपर्क साधा। शाम करीब 5 बजे ओमान की नौसेना ने पुष्टि की कि उसने सभी 24 भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया है। यह जहाज ओमान के मसिराह तट के पास लंगर डाले हुए है।







Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**